दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 16 अक्टूबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 423



## संक्षिप्त खबरें ।

### झारखंड चुनाव को लेकर कांग्रेस सांसद बोले– लोग बीजेपी को समझ गए हैं, हिंदू–मुस्लिम कार्ड नहीं चलेगा



**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची।** झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। अभी चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। हालांकि, सभी पार्टियां अपने–अपने समीकरण के तालमेल में जुट गई हैं। अभी वर्तमान में झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (खटट) की सरकार है और कांग्रेस एवं आरजेडी उनके सहयोगी दल हैं। चुनाव की तैयारियों के बीच, कांग्रेस के झारखंड मामलों के सह–प्रभारी सप्तगिरि उलाका का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में बीजेपी का हिंदू–मुस्लिम कार्ड नहीं चलने वाला है, क्योंकि अब लोग समझ चुके हैं कि यह पार्टी चुनाव के समय वोट के लिए यह सब करती है।

कांग्रेस सांसद सप्तगिरि उलाका का कहना है कि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के गठबंधन की सरकार फिर बनेगी। झारखंड में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। उलाका ने दावा किया कि बीजेपी के शीर्ष नेताओं से लेकर स्थानीय नेता तक ध्रुवीकरण करने के प्रयास में हैं, लेकिन वो सफल नहीं होने वाले हैं।

उनका कहना था, लोग बीजेपी को समझ गए हैं। इनके 'हिंदू–मुस्लिम कार्ड' का कोई असर नहीं होगा। पिछले चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (NRC) और नागरिकता संशोधन कानून (उअअ) का मुद्दा खूब उठाया, लेकिन नहीं चला। इस बार भी बीजेपी को कोई सफलता नहीं मिलेगी।₹ उलाका ने कहा, बीजेपी के लोग झारखंड में हिंदू–मुस्लिम करते हैं और जम्मू–कश्मीर में ईद एवं मुहर्रम पर मुफ्त गैस सिलेंडर का वादा करते हैं। जनता समझ चुकी है कि बीजेपी चुनाव के समय यह सब करती है।

### आकाश अंबानी ने कर दिया सबको हैरान, अक्पर की पीएम मोदी की तारीफ, सुनकर होगा गर्व



**लोकतंत्र की आवाज**

**मुंबई।** रिलायंस जियो की तरफ से डेटा से लेकर कॉलिंग के क्षेत्र में बेहतरीन काम किया जा रहा है। जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने इस पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कुछ बातें रखीं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की तारीफ भी की। आकाश ने कहा कि ये समय आ गया है कि भारत जल्द से जल्द अकतकनीक को अपनाए और ये सब पीएम मोदी की लीडरशिप की वजह से हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार को डेटा सेंटर पॉलिसी के 2020 ड्राफ्ट को अपडेट करना चाहिए। आकाश कहते हैं कि ये बहुत जरूरी है कि भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रहे। आकाश आगे कहते हैं, 'सिर्फ 8 साल पहले ही भारत 2जी स्पीड से डेटा यूज कर रहा था। अब 5जी डेटा का इस्तेमाल किया जा रहा है।

हम ये सुनिश्चित करेत हैं कि 6 में भी भारत नए नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। भारत अभी दुनियाभर का इकलौत देश है जहां मोबाइल डेटा की कीमत सबसे कम है और इसके साथ ही फास्ट इंटरनेट सुविधा भी दी जाती है। भारत में प्रति व्यक्ति डेटा की खपत 30ई है जो काफी ज्यादा है। अगर हम अन्य देशों से तुलना करें तो भारत हर मामले में आगे है। उन्होंने कहा, 'आज भारत के कोने–कोने में डिजिटल ऋांति देखने को मिलती है। मानव दिमाग की सबसे क्रांतिकारी चीज अकहै जो उसने खुद बनाई है। यह हमारे जीवन की हर चीज पर सीधा असर डालने वाली है। हमारी सोसायटी में भी इसकी छाप बिल्कुल अलग नजर आने वाली है। ऐसे में इसके बारे में किसी ने भी नहीं सोचा था। आज ये बिल्कुल अलग तरीके से निकलाकर सामने आया है। अकके साथ, भारत में सामर्थ्य है कि वह मैनुफैक्चरिंग सेंटर को ट्रांसफॉर्म कर सकता है।

# महिलाओं को सालाना 30 हजार रु देने की तैयारी में हेमंत सरकार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची ।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार राज्य की महिलाओं को सालाना 30 हजार रुपये देने की योजना बना रही है। राज्य में सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा है और राज्य में 'झामुमो सम्मान योजना' लागू करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा है कि भाजपा ने झारखंड में 'गोगो दीदी योजना' लाने का प्रस्ताव रखा है जिसके तहत महिलाओं को सालाना 25 हजार रुपये देने की बात कही गई है। जेएमएम ने कहा है कि अगर आयोग को पता चलता है कि भाजपा की ओर से प्रस्तावित की गई योजना अवैध नहीं है, तो उसे हमारी इस




योजना को भी अनुमति देनी चाहिए।

**क्या है जेएमएम की योजना? :** दरअसल, हेमंत सोरेन की जेएमएम सरकार झामुमो सम्मान योजना लागू करने की कोशिश में है। इसके लिए पार्टी ने चुनाव आयोग को ज्ञापन भी सौंपा है। हेमंत सरकार ने इस योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये यानी सालाना 30 हजार रुपये की आर्थिक मदद मुहैया कराने का वादा किया है।

**चुनाव आयोग को ज्ञापनः** झामुमो सम्मान योजना को लेकर पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि हमने अपनी प्रस्तावित योजना को लागू करने की मंजूरी के लिए चुनाव आयोग को ज्ञापन दे दिया है। दो मई को जारी एक प्रेस नोट के अनुसार, आयोग की अनुमति के बिना इस योजना को लागू नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर आयोग को पता चलता है कि भाजपा की प्रस्तावित योजना अवैध नहीं है, तो उसे झामुमो की योजना को भी अनुमति देनी चाहिए।

### चुनाव आयोग से मांगी अनुमति

#### जेएमएम ने भाजपा पर लगाया आरोप

जेएमएम ने आरोप लगाया है कि भाजपा की ओर से एक फॉर्म जारी किया गया है। इसमें गोगो दीदी योजना के तहत आवेदकों को रजिस्ट्रेशन करने का निमंत्रण दिया गया है। इस फॉर्म में लोगों से नाम, पता, मोबाइल नंबर, पंचायत, प्रखंड, जिले का नाम और अन्य डिटेल्स मांगी गई हैं। जेएमएम के मुताबिक, योजना में प्रत्येक महिला को हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रूपये और प्रति वर्ष 25,000 रूपये देने का वादा किया गया है।

# झारखंड में दो चरणों में 13-20 नवंबर को और महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग

### 23 को आएंगे नतीजे

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को चुनाव होंगे और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। महाराष्ट्र में एक ही चरण में चुनाव होगा। वहीं झारखंड में 13 और 20 नवंबर को वोटिंग होगी और नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। झारखंड में 2 चरणों में चुनाव होंगे।

**महाराष्ट्र और झारखंड में कितने वोटर? चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने बतायाः** चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में 9 करोड़ 63 लाख वोटर होंगे। यहां 5 करोड़ पुरुष वोटर हैं। यहां एक लाख पोलिंग बूथ पर वोट पड़ेंगे। महाराष्ट्र के हर बूथ पर करीब 960 वोटर होंगे। मुंबई में पोलिंग बूथ बढ़ाए गए हैं। राजीव ने बताया कि झारखंड में 2 करोड़ 60 लाख वोटर हैं। यहां एक करोड़ 31 लाख पुरुष वोटर हैं और एक करोड़ 29 लाख महिला वोटर हैं। झारखंड में 29 हजार 562 बूथ पर वोट पड़ेंगे। झारखंड के हर बूथ पर 881 वोटर होंगे।

**महाराष्ट्र में कितनी विधानसभा सीटें? :** महाराष्ट्र में विधानसभा की कुल



#### झारखंड विधानसभा चुनाव पहला चरण

| | |
|---|---|
| अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन | 18 अक्टूबर |
| नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख | 25 अक्टूबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 28 अक्टूबर |
| नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि | 30 अक्टूबर |
| मतदान की तिथि | 13 नवंबर |
| मतगणना की तारीख | 23 नवंबर |

#### झारखंड विधानसभा चुनाव दूसरा चरण

| | |
|---|---|
| अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन | 22 अक्टूबर |
| नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख | 29 अक्टूबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 30 अक्टूबर |
| नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि | 1 नवंबर |
| मतदान की तिथि | 20 नवंबर |
| मतगणना की तारीख | 23 नवंबर |

#### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का पूरा शेड्यूल

| | |
|---|---|
| गैजेट नोटिफिकेशन : 22/10/2024 (एक फेज में चुनाव होंगे) | नामांकन वापसी की अंतिम तिथि : 04/11/2024 |
| नॉमिनेशन की अंतिम तिथि : 29/10/2024 | मतदान की तारीख : 20/11/2024 |
| नामांकन की जांच : 30/10/2024 | चुनाव परिणाम : 23/11/2024 |

288 सीटें हैं, जिसमें बहुमत के लिए 145 सीट चाहिए होती हैं। 2019 के चुनाव में बीजेपी को 105, शिवसेना को 56, एनसीपी को 54, कांग्रेस को 44 और अन्य को 29 सीटें मिली थीं।

**झारखंड में कितनी विधानसभा सीटें? :** झारखंड में विधानसभा की 81 सीटें हैं। पिछले चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को 30 सीटें और बीजेपी को 25 सीटें मिली थीं, जबकि 26 सीटें अन्य दलों के खाते में गई थीं। जेएमएम चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी।

## हरियाणा चुनाव पर बोले सत्यपाल मलिक, कांग्रेस ने चुनाव आयोग और ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** विपक्ष लंबे समय से ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग करता रहा है। हरियाणा चुनाव के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग और ईवीएम की विश्वसनीयता पर एक बार फिर सवाल खड़े किए। वहीं अब जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने भी चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आज के हालात को देखकर ईवीएम से भरोसा उठने जैसा हो गया है।

मलिक ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कहा, अभी हरियाणा में हुए चुनावों में पोस्टल बैलेट पेपर में कांग्रेस 74–16 से आगे थी, जैसे ही एश्ट खुली धीरे धीरे कांग्रेस सत्ता से बाहर ओर और भाजपा सत्ता में। जो शुरुआती रुझानों में दिखाया गया था और एग्जिट पोल्स में भी दिखाया था सब उसके विपरीत हो रहा है। आज वर्तमान स्तिथि देखकर चुनाव आयोग और एश्ट से भरोसा उठने जैसा हो गया है। एश्ट का खेल आखिर कब तक चलेगा, आज अकका ज़माना है अगर निष्पक्ष चुनाव चाहते हो तो एश्ट को हटाना भी एक मात्र विकल्प है। हाल ही में लाइव हिंदुस्तान से बातचीत में भी सत्यपाल मलिक ने कहा था कि हरियाणा के नतीजे उम्मीद के विपरीत आए हैं। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में एकता नहीं है। कांग्रेस के लोग उतनी मेहनत नहीं करते। वहीं बीजेपी के लोग 24 घंटे राजनीति करते हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस की मेहनत नहीं टिकती है। उन्होंने कहा था कि हरियाणा की हार के लिए राहुल गांधी जिम्मेदार नहीं हैं। मलिक ने कहा था कि बीजेपी के 50 अनुषांगिक संगठन हैं। कांग्रेस के लोग बीजेपी के बराबर राजनीति और संघर्ष नहीं करते। सड़कों पर नहीं रहते। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा की वह से कांग्रेस के दलित वोट कट गए। वहीं बैकवर्ड सीएम की वजह से पिछड़ा वोट भी बीजेपी को मिल गया।

बता दें कि चुनाव परिणाम वाले दिन अजय माकन, भूपेंद्र सिंह हुड्डू और कुमारी सैलजा जैसे कांग्रेस नेताओं ने कहा था कि दोपहर में गिनती धीमी हो गई है। उन्होंने गिनती में गड़बड़ी की आशंका जताई थी। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने ईवीएम पर सवाल भी खड़े किए थे।

# दिल्ली में होंगे मैतेई–कुकी समुदाय, आज पहली बार करेंगे बातचीत

**लोक तंत्र की आवाज़**

● मणिपुर हिंसा के बाद दोनों समुदाय एकसाथ

**नई दिल्ली।** मणिपुर में करीब 17 महीने पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद संघर्षग्रस्त राज्य में शांति बहाली के प्रयास के तहत पहली बार मेइती, कुकी और नगा समुदायों से विधायक यहां मंगलवार को बैठक करने वाले हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह बैठक गृह मंत्रालय द्वारा मेइती और कुकी समुदायों के बीच मतभेदों को दूर करने, वहां जारी संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने तथा मतभेदों को समाप्त करने के प्रयास के तहत बुलाई गई है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मेइती समुदाय की ओर से विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह और विधायक थोंगम बिस्वजीत सिंह तथा कुकी समुदाय की ओर से लेतपाओ हाओकिप और नेमचा किपगेन (दोनों राज्य मंत्री) शामिल हो सकते हैं। नगा समुदाय का प्रतिनिधित्व विधायक राम मुइवा, अवांगबो न्यूमई और एल. दिखो करेंगे।

**गृह मंत्री अमित शाह ने कही थी ये बातः** गृह मंत्री अमित शाह एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। करीब एक महीने पहले शाह ने कहा था कि मणिपुर में स्थिति को सुलझाने के लिए कुकी और मेइती समुदायों के बीच बातचीत की जरूरत है और केंद्र दोनों समूहों के साथ चर्चा कर रहा है, जिसके बाद इन समूहों के नेताओं के बीच यह बैठक हो रही है।

शाह ने 17 जून को मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के दौरान भी ऐसा ही बयान दिया था। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया था कि गृह मंत्री ने राज्य में जारी जातीय संघर्ष को हल करने के लिए समन्वित दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि ''गृह मंत्रालय जल्द से जल्द दोनों समूहों – मेइती और कुकी से बात करेगा ताकि जातीय विभाजन को पाटा जा सके।



**जातीय हिंसा भड़कने के बाद पहली बार बैठकः** सूत्रों ने बताया कि बैठक में भाग लेने वाले सभी नगा, कुकी और मेइती विधायकों एवं मंत्रियों को गृह मंत्रालय द्वारा पत्रों तथा टेलीफोन कॉल के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। भाजपा के सात विधायकों सहित दस कुकी विधायकों ने इस बीच आयोजित विधानसभा सत्रों में भाग नहीं लिया था। कुकी समुदाय के लोगों की इच्छा के अनुसार, समुदाय के विधायकों ने मणिपुर में जनजातीय लोगों के लिए अलग प्रशासन या केंद्र शासित प्रदेश की मांग पर भी जोर दिया है। इन 10 विधायकों में लेतपाओ हाओकिप और नेमचा किपगेन भी शामिल हैं, जो मणिपुर में बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री हैं।

#### जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा मौतें

मणिपुर में बहुसंख्यक मेइती समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की उसकी मांग के विरोध में राज्य के पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकता मार्च निकाले जाने के बाद पिछले साल तीन मई को जातीय हिंसा भड़क गई थी। राज्य में तब से जारी हिंसा में कुकी और मेइती समुदायों के 220 से अधिक लोग और सुरक्षाकर्मी मारे जा चुके हैं।

## भाजपा को कल ही मिल गई थी जानकारी, कठपुतली है ईसी, झारखंड चुनाव की घोषणा से पहले जेएमएम का आरोप

**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची।** चुनाव आयोग (EC) आज झारखंड और महाराष्ट्र के चुनावों की तारीखों का ऐलान करने वाला है. इस बीच झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) ने चुनाव आयोग पर निशाना साधा है. जेएमएम नेता मनोज पांडेय ने आरोप लगाया है कि बीजेपी नेताओं को कल ही चुनाव के ऐलान की जानकारी मिल गई थी. पांडेय ने चुनाव आयोग को कठपुतली भी कहा है।

मनोज पांडेय ने कहा, 'हम चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। लेकिन आज चुनाव की घोषणा होने वाली है और इसकी जानकारी बीजेपी के नेताओं को कल ही हो गई थी. ये बहुत गंभीर विषय है. क्या बीजेपी नेताओं के इशारे पर



चुनाव आयोग काम करता है? हिमंत बिस्वा सरमा कल अपने एक बयान में बोल गए कि आज चुनाव की घोषणा होने वाली है. किसी आयोग को इस कदर कठपुतली बनाकर रखना ये गंभीर बात है।

**झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर चुनावः** बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव राज्य की सभी 81 सीटों पर होना है. झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को समाप्त होने वाला है. राज्य में पिछला विधानसभा चुनाव दिसंबर 2019 में हुआ था।

# हेमंत सोरेन ने आरएसएस की तुलना 'चूहों' से की, कहा- 'जैसे ही देखें उन्हें भगा दें'

**लोक तंत्र की आवाज़**

**साहिबगंज।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना चूहों से की और उन्होंने बीजेपी और आरएसएस दोनों पर चुनावी लाभ के लिए राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव को कमजोर करने का आरोप लगाया। वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए सोरेन ने दावा किया कि बीजेपी झारखंड में हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच मतभेद पैदा कर रही है। उन्होंने इसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की संलिप्तता की ओर इशारा किया।

**आप उन्हें भगा देंः** सोरेन ने



साहिबगंज के भोगनाडीह में रैली के दौरान कहा, 'आरएसएस राज्य पर चूहों की तरह हमला कर रहा है और इसे नष्ट कर रहा है। जब आप देखें कि वे आपके गांवों में हंडिया और दारू (स्थानीय शराब) के साथ प्रवेश कर रहे हैं, तो उन्हें भगा दें...वे राजनीतिक लाभ के लिए चुनावों से पहले सांप्रदायिक तनाव पैदा करना चाहते हैं। हेमंत सोरेन ने मंदिरों और मस्जिदों में मांस फेंकने जैसी घटनाओं को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने बीजेपी को ₹व्यापारियों और उद्योगपतियों₹ की पार्टी बताया और आरोप लगाया कि बीजेपी अपने एजेंडे को पूरा करने के लिए पॉलिटिकल पार्टी के नेताओं को खरीद रही है। उनका इशारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की ओर था, जो हाल ही में बीजेपी में शामिल हुए हैं।

**षड्यंत्र रचा जा रहाः** मुख्यमंत्री सोरेन ने झारखंड में डेमोग्राफी चेंज के बीजेपी के दावों को खारिज कर दिया और पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के आंकड़ों की जांच करने का आग्रह किया। झारखंड में हेमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा–'वे डेमोग्राफी चेंज और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बारे में बात करते हैं। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि वे केंद्र से डेटा लेकर आएं और देखें कि किस जिले और किस राज्य में यह बदल गया है। उन्हें ऐसी जगहें पसंद नहीं हैं जहां लोग शांति और सद्भाव से रहते हों। वे अपनी राजनीतिक योजनाएं और षड्यंत्र रचते हैं।

# क्या समुद्र के नीचे है एक और नई दुनिया, जानिए सच्चाई

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली ।** पृथ्वी की सतह का 71% हिस्सा समुद्र से ढका हुआ है, लेकिन हैरानी की बात ये है कि इंसान ने अब तक समुद्र का सिर्फ 5% हिस्सा ही खोजा है। इसका मतलब है कि करीब 95% समुद्र आज भी अनछुआ है और वहां कुछ भी खोजा जा सकता है। जब दुनिया के वैज्ञानिक स्पेस में दूसरी दुनिया की तलाश कर रहे हैं, तो कुछ लोगों का मानना है कि एक और अज्ञात दुनिया समुद्र के भीतर भी हो सकती है। चलिए इस दिलचस्प बात पर थोड़ा और चर्चा करते हैं।

**क्या समुद्र में दूसरी दुनिया हो सकती है? :** कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर कभी समुद्र के अंदर दूसरी दुनिया मिली, तो वो समुद्र के अंदर मौजूद एक



अलग ₹समुद्र₹ में मिल सकती है। अब यह सुनने में अजीब लग सकता है कि समुद्र के अंदर एक और समुद्र कैसे हो सकता है। परंतु वैज्ञानिक प्रमाणों के अनुसार, समुद्र के भीतर कुछ ऐसे क्षेत्र हो सकते हैं जो हमारी वर्तमान जानकारी से बिल्कुल अलग हों। ये दुनिया इतनी अनोखी हो सकती है कि यहां के जीव–जंतु बाकी धरती पर कहीं और न मिलते हों। समुद्र की गहराइयों में वैज्ञानिकों को ऐसे जीव मिले हैं जो धरती के किसी और हिस्से में नहीं पाए जाते। कुछ तो इतने पारदर्शी (ट्रांसपेरेंट) होते हैं कि आप उनके अंदर तक देख सकते हैं। ये जीव देखने में जादुई लगते हैं और काफी रहस्यमयी होते हैं।

**क्या समुद्र में एलियंस मिल सकते हैं? :** अब सवाल ये उठता है कि क्या समुद्र के अंदर एलियंस भी हो सकते हैं? पहले हमें यह समझना जरूरी है कि एलियन होते क्या हैं। एलियन शब्द का इस्तेमाल उन प्राणियों के लिए किया जाता है जो धरती के बाहर, जैसे किसी अन्य ग्रह या खगोलीय स्थान पर रहते हैं। चूंकि समुद्र धरती का ही हिस्सा है, इसलिए समुद्र में पाए जाने वाले जीवों को एलियन नहीं कहा जा सकता। हां, ये जरूर हो सकता है कि वे जीव हमें अनजान और खतरनाक लगें। कई हॉलीवुड फिल्मों में समुद्र की गहराइयों में रह रहे प्राचीन और खतरनाक जीवों को दिखाया गया है, जो डायनासोर के समय से वहां मौजूद हैं। फिल्मी कथाओं के अनुसार, अगर ये जीव समुद्र की सतह पर आ जाएं तो इंसान के लिए खतरा बन सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पांडेयगंगौट में वारिस पिया का दो दिवसीय मड़ही पूजा 19 अक्टूबर से होगा शुरू



रौशन कुमार सोनू

**कौआकोल(नवादा)।** कौआकोल के पाण्डेय गंगौट स्थित मड़ही में परम पूज्य शिरोमणि श्री महंथ बाबा की पूजा 19 एवं 20 अक्टूबर को होगी। मड़ही से जुड़े पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह पूजा कार्तिक महीने के द्वितीय को शुरु होती है। इस पूजा में शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से वारिस पिया के अनुयायी पहुंचते हैं तथा चादरपोशी करते हैं। ऐसी मान्यता है कि जिसने सच्चे मन से बाबा के दरबार में मन्नतें मांगी है,उनकी मुरादें अवश्य ही पूरी हुई है। 19 अक्टूबर को दस बजे दिन में नंदबाबा की पवित्र समाधि का स्नान एवं 56 प्रकार का भोग लगेगा। इसके बाद 12 बजे से लगातार 4 बजे शाम तक भजन व कव्वाली का कार्यक्रम होगा। बीच में 2 बजे अपराह्न से बाबा की समाधि पर श्रद्धालुओं द्वारा चादरपोशी की जायेगी। 4 बजे शाम से आगंतुकों के आगमन तक प्रसाद का वितरण तथा रात्रि में लंगर के आयोजन के बाद लोक संगीत एवं लोक नृत्य का कार्यक्रम होगा। जबकि 20 अक्टूबर को दिन के 2 बजे से भजन कीर्तन होगा जो 4 बजे तक लगातार चलता रहेगा। 4 बजे से प्रसादी का वितरण होगा। पुन: रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तथा 20 अक्टूबर को ही दूर दराज से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को विदाई दी जायेगी। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण डॉ० साधुशरण,उपेन्द्र सिंह सहित समस्त ग्रामीण जोर-शोर से तन,मन धन से लगे हुए हैं। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### जमीन सम्बन्धित विसंगतियों के लेकर भाकपा का नरहट सर्वे कारलय पर धरना



विजय कुमार

**नरहट (नवादा)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नरहट प्रखंड इकाई के द्वारा बिहार राज्य परिषद के आह्वान पर किसान मजदूरों की जमीन सम्बन्धित विसंगतियों को लेकर प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन कुटनीबिगहा स्थित सर्वे कार्यलय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना कार्यकम की अध्यक्षता को0 इन्द्रदेव प्रसाद ने किया। श्री प्रसाद ने बताया कि किसान मजदूरों की जमीन सम्बन्धित विसंगतियों को दुरुस्त करने हेतु हम धरना के माध्यम से सर्वे अधिकारियों से अपनी निम्लिखित मांग पेश करते हैं। सरकार के पास जो जमीन का अभिलेख है उसमें बहुत सारी त्रुटियां है उसकी सुधार किया जाय। सभी भूधारियों को खतियान जिला से सर्वे कैम्प को भेजा जाय। आम गैरमजरूआ जमीन एवं नीजी जमीन पर बसे गरीबों, भूमिहीनों को उक्त जमीन का पर्चा दिया जाय तथा जमीन पर जाकर सर्वे किया जाय। सर्वे विभाग में ब्याप्त भ्र्ष्टाचार पर रोक लगाई जाय। भू- धारियों को वे वजह परेशान नही किया जाय। नरहट प्रखंड का एक भी व्यक्ति का सर्वे नही छूटनी चाहिए। नरहट प्रखण्ड में जब तक सारा अभिलेख दुरुस्त नही हो जाय तब तक सर्वे का कार्य स्थगित किया जाय। कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने सम्बोधित कर सर्वे में व्यप्त विसंगतियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गोविंद प्रसाद, शीतल प्रसाद, शिवनारायण राजवंशी, बिपिन राजवंशी,बाबूलाल मांझी, उमेश राजवंशी समेत करीब पच्चास की संख्या में पार्टी से जुड़े लोग मौजूद थे।

# वहसी युवक ने 40 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**दुष्कर्म का विरोध करने पर महिला के साथ किया मारपीट, हवस के नशे में गुप्तांगों को दांत से काटा**

लोक तन्त्र की आवाज़

सुनील कुमार

**नवादा।** नवादा में एक वहशी युवक ने 40 वर्षीय महिला के साथ किया दुष्कर्म। घटना का अंजाम जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के हेमजा भारत गाँव के समीप बंगला पर बधार में दिया गया है . वहसी युवक ने एक 40 वर्षीय महिला को अकेली पाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करने हुए मौके से हीं दुष्कर्मी युवक को धर दबोचा है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला जानवर चराने के लिए बंगला पर स्थित बधार मे गयी थी ,तभी महिला को अकेली देखकर परतापुर गाँव निवासी कुलेशर चौधरी का बेटा रामअवतार चौधरी ने बधार में महिला को देख नियत खराब हो गया और महिला के साथ छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा. जब महिला ने युवक का विरोध किया तो युवक ने पहले तो वहसी तरीके से मारपीट किया, फिर महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। महिला रोते रही गिड़गिडाते रही, लेकिन वहसी युवक ने एक नही सुना और महिला के इज्जत आबरू को तार -तार कर दिया। युवक पर मानो सेक्स का भूत सवार था. दुष्कर्म के दौरान वहसी युवक ने महिला के गुप्त जगहो पर विभत्स तरीके से दांत काट कर लहुलुहान कर दिया। यहाँ तक की दांत काटने का विरोध करने पर महिला के हाथ का उंगली चबा गया।

करीब आधा घंटा तक वहसी युवक ने महिला को नोचते- खरोचते रहा.






महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास गाँव के ग्रामीण जब तक घटनास्थल पर पहुँचते तब तक युवक महिला के अस्मत को तार-तार कर चुका था. महिला को लहुलुहान देख ग्रामीणों को समझने मे देर नही हुई और भागते युवक को दबोच कर धुनाई करनी शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिरदला थाना का डायल 112 की टीम मौके पहुँच कर दुष्कर्म के आरोपी युवक को ग्रामीणों की चंगुल से छुड़ाकर हिरासत मे लिया. साथ ही पीड़िता को लेकर सिरदला पीएचसी मे दाखिल किया. सिरदला थानाध्यक्ष संजीत राम पीएचसी पहुँच कर पीड़ित महिला का ब्यान लिए .समाचार संकलन तक महिला का इलाज सिरदला पीएचसी मे चल रहा है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

# बदमाशों ने रास्ता रोक दो भाइयों के साथ की मारपीट



लोक तन्त्र की आवाज़

**रजौली(नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र के तारगीर-धमौल पथ पर कुतुलपुर विद्यालय के समीप बीते सोमवार की शाम को कुछ बदमाशों ने सामान खरीदकर लौट रहे दो भाइयों के साथ जमकर मारपीट की।घटना के बाद स्थनीय लोग जुटे तब डायल 112 को घटना के बारे में सूचित किया गया।सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने घायल लोगों का इलाज कर बेहतर इलाज हेतु पावापुरी अस्पताल रेफर कर दिया।घायलों में तारगीर गांव निवासी पप्पू कुमार के पुत्र दीपक कुमार उर्फ नीरज एवं हरिओम कुमार के रूप में हुई है।घायलों के परिजनों ने बताया कि बीते सोमवार की संध्या लगभग 5:30 बजे नवादा से दुकान का सामान लेकर लौट रहा था।इसी बीच कुतुलपुर विद्यालय के समीप श्रवण रविदास के पुत्र राजा रविदास के साथ रहे पांच-छः लोगों ने रास्ता रोककर बाइक संख्या बीआर27डी8028 को रोककर लोहे के रॉड आदि से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।साथ ही गले में रहे सोने के चैन एवं पांच हजार रुपये नगदी छीन लिए।जब हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग जुटे तब सभी लोग फरार हो गए।पीड़ित परिजनों ने बताया कि बीते दशहरा में मेला घूमने के दौरान उक्त लोगों से नोकझोंक हो गई थी।जिसे पुलिस-प्रशासन की मदद से सुलझा लिया गया था।उसी को लेकर उक्त लोगों ने प्लानिंग कर जानलेवा हमला किया है।पीड़ित परिजन ने कहा कि घटना को लेकर लिखित आवेदन थाना को देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मामले को लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# नवादा : 24 घंटे के अंदर 16 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी:एसपी

लोक तन्त्र की आवाज़

धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान ने बताया कि 14 अक्टूवर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, बलात्कार में 01, मद्य निषेध में 04 एवं अन्य गिरफ्तारी 11 कुल 16 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 85 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 624 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 01 लाख 14 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 01 एवं मोटरसाईकिल 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने



वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# रजौली नगर पंचायत के कचरा पॉइंट से कचरा का उठाव नहीं होने पर बदबू से परेशान हो रहे लोग

लोक तन्त्र की आवाज़

**रजौली (नवादा)।** रजौली नगर पंचायत में मुख्य सड़क के किनारे कचरा पॉइंट बना देने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।कचरा पॉइंट अस्पताल रोड ,आर्य समाज मंदिर के समीप ,बाईपास रोड के समीप व राज शिव मंदिर छठ घाट के पास खुले में कचरा जमा होने से व कचरा को प्रत्येक दिन नहीं उठाने से उसकी सड़न काफी बदबू देता है। जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।बाजार व पुरानी बस स्टैंड के दर्जनों लोगों ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा बाजार क्षेत्रों में कचरा पॉइंट बना देने से मोहल्ले के दर्जन लोग कचरा में जन्म लेने वाले मच्छरों के काटने से दर्जनों लोग बीमार पड़ गए हैं जिससे काफी परेशानी



हो रहा है जबकि कचरा पॉइंट नगर क्षेत्र से बाहर बनना चाहिए था वह भी चारों तरफ से बाउंड्री वॉल रहना चाहिए जिससे कि आवारा पशुओं के द्वारा उक्त कचरा को बिखेरे नहीं पाए लेकिन बाजार के मुख्य सड़क में कचरा पॉइंट बना देने से दिन भर उक्त कचरा में सूअर कचरा को बिखेर देते हैं जिससे काफी बदबू देता है ।इस संबंध में नगर पंचायत के स्वच्छता संवेदक गुड्डू सिंह से बात करने पर उन्होंने कहा कि कचरा प्रत्येक दिन उठाया जाता है जबकि कचरा पॉइंट को देखने से यह प्रतीत होता है की एक सप्ताह से कचरा नहीं उठाया जा रहा है जिससे कचरे से सड़न का बदबू आ रहा है ।एक सप्ताह से कचरा नहीं उठाने से सड़ा हुआ कचड़ा काफी बदबू देता है ।ग्रामीण बदबू में जीने को मजबूर हैं ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व नगर पंचायत के अन्य अधिकारियों को बोल कर थक गए लेकिन किसी ने उक्त कचरा पॉइंट पर ध्यान नहीं दिया। जिससे कचरा प्वाइंट से काफी बदबू दे रहा है ।जबकि उक्त कचरा पॉइंट के सामने नगर पंचायत के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गुड्डू बबुआ का सब्जी आढ़त भी है और प्रत्येक दिन उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सब्जी आढ़त में बैठकर सब्जी आढ़त चलाते हैं उसके बाद भी कचरा पॉइंट में सड़ा हुआ कचरा पड़ा हुआ रहता है। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश से बात करने पर उन्होंने कहा नगर पंचायत के अपशिष्ट पदाधिकारी को जानकारी दीजिए जब अपशिष्ट पदाधिकारी राहुल कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं थी जानकारी मिला है जल्द ही कचरा को हटवाया जाएगा।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य से संबंधित ग्रामीण चिकित्सकों की बैठक में महत्वपूर्ण जानकारी दी: डॉक्टर शर्मा

लोक तन्त्र की आवाज़

**बख्तियारपुर।** माननीय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमरेश कुमार सिंह जी के अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बख्तियारपुर के सभागार में रोगों के प्रति ग्रामीण चिकित्सकों को बेहतर ढंग से स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं के जन जन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए उन्होंने एकदिवसीय प्रशिक्षण काजसाला में मलेरिया टीवी डेंगू जैसी बीमारियों पर प्रशिक्षण के माध्यम से अच्छी जानकारी देते हुए जागरूक रहकर खासकर देहातो में खून की कमी कुपोषण के स्वीकार रोगों को खान पान सही रखने के लिए विस्तृत जानकारी ग्रामीण चिकित्सा को दी गई इसके लिए सरकार के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर हर संभव प्रयास के साथ दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है विशेष तौर पर आप सबों का सहयोग अपेक्षित है ऐसे रोगी के लिए जरूरतमंदों तक आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही



है इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधित सभी योजनाओं को विशेष प्रचार प्रसार आपके सहयोग से भी संभव हो सकता है गरीब महिलाओं का प्रसव अस्पताल में हो इस पर सरकार की ओर से सभी तरह की सुविधा प्रदान की जा रही है इस और भी आप सबका ध्यान आकृष्ट कर रहा हूं बैठक में मुख्य अतिथि बताओ जनजीवन कल्याण एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह निवर्तमान चिकित्सा प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार शर्मा ने ग्रामीण चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय विकास पुरुष मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने बिहार के विकास में स्वास्थ्य विहार विकसित बिहार की परिकल्पनाओं के साकार करने हेतु ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिलाकर परिपक्व बनाया है हम लोग सरकार के सहयोगी बनकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर दिखा रहे हैं और इस संबंध में विभाग को बेहतर इलाज के लिए हम लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजते हैं और सहयोग भी दे रहे हैं जनहित में सकारात्मक सोच रखकर सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सकों को समायोजन कर सरकार के कार्यों में बेहतर परिणाम मिल सकता है माननीय मुख्यमंत्री जी का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित किया है डॉक्टर शर्मा ने कहा कि माननीय चिकित्सा पदाधिकारी की ओर से ग्रामीण चिकित्सकों को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर जनहित सेवा से लोगों को सहयोग करते रहे हैं मानवता के सेवा में प्रभारी महोदय का अतुलनीय योगदान रहा है इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष डॉ विवेकानंद कुमार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार परमवीर उर्फ पप्पू सिंह डॉक्टर वरुणेश कुमार डॉ धर्मेंद्र कुमार डॉ मुन्ना कुमार डॉ राम अनुज ठाकुर संतोष कुमार आदि सबों ने ग्रामीण से किसको को एक होने का आवाहन किया शर्मा जी के नेतृत्व में चलने का भरोसा जताया इस पावन मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बख्तियारपुर के अस्पताल प्रबंधक सुश्री रेशमा कुमारी एवं आशा प्रबंधक विकास कुमार साथ में स्टोर कीपर श्रीमती इंगला देवी उपस्थिति रही धन्यवाद।

# नवादा के मुद्दों को लेकर जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात कर नवादा कार्यक्रम को लेकर दिया गया न्योता

लोक तन्त्र की आवाज़

सुनील कुमार

**नवादा।** जन सुराज पार्टी के अध्यक्ष आदरणीय मनोज भारती के साथ पटना कार्यालय में जन सुराज विचार मंच के स्टेट कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश जी की मौजूदगी में मुलाकात हुई। मनोज भारती ने बातचीत के दौरान नवादा के मुद्दों, जन सुराज की गतिविधियों और व्यक्तिगत जीवन की जानकारी लेने में गहरी रुचि दिखाई। पार्टी हित में कई जरूरी कदम उठाए जाने को लेकर इन्होंने भरोसा दिलाया और इसके शीघ्र क्रियान्वयन होने की बात कही। प्रदेश भर में जन सुराज विचार मंच के क्रियाकलापों की इन्होंने जमकर सराहना की और कहा कि- विचार मंच से जुड़े लोग अपनी बौद्धिक क्षमता से न सिर्फ बिहार वासियों की समस्याओं को दूर



करने का प्रयास करेंगे बल्कि पार्टी को भी नयी ऊंचाई तक ले जाएंगे। नवादा विचार मंच के जिला प्रभारी अजय कुमार और सुजयभान सिंह जन सुराज के सूत्रधार रहे प्रशांत किशोर और पार्टी के अध्यक्ष मनोज भारती जी के नवादा कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। दोनों ने नवादा आने का निमंत्रण दिया और उनके आगमन पर एक वृहत कार्यक्रम का भरोसा दिलाया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यालय से जुड़े अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# मेरा प्रखंड मेरा गौरव प्रतियोगिता का होगा आयोजन, इच्छुक अभ्यर्थी मौके का उठा सकते हैं लाभ

लोक तन्त्र की आवाज़

सुनील कुमार

**नवादा।** जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य में प्राकृतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों की एक समृद्ध विरासत है। इन स्थलों में कई ऐसे स्थल भी हैं, जो अन्य पर्यटन स्थलों की तरह प्रकाश में नहीं आ पाये हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से इनकी महत्ता है, किन्तु ये स्थल प्रसिद्ध नहीं हो पाये हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ऐसे ही पर्यटन स्थलों को स्थानीय लोगों की मदद से प्रकाश में लाना है। उन्होंने कहा कि आम भागीदारी से स्थानीय लोगों में अपने प्रखण्ड के पर्यटन स्थलों के प्रति अपनेपन का भाव जागृत होगा तथा लोग जिम्मेदार पर्यटन की तरफ उन्मुख होंगे। इसका मुख्य विषय है बिहार राज्य के छुपे हुए उन स्थलों की पहचान करना, जो पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य के विभिन्न प्रखण्डों में स्थित उन अनदेखे या कम ज्ञात स्थलों की पहचान करना है, जो ऐतिहासिक, धार्मिक या सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इन स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर लाकर राज्य के पर्यटन को और अधिक समृद्ध बनाया जा सकता है। यह प्रतियोगिता आम जनता को अपने क्षेत्र के धरोहरों और महत्वपूर्ण स्थलों के प्रति जागरूक करने और उन्हें संरक्षित करने की दिशा में भी प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रखण्ड से एक प्रतिभागी अपने प्रखण्ड के अंदर किसी ऐसे स्थल की पहचान करेगा जो अब तक अनदेखा रहा है, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। प्रतिभागी को निम्नलिखित जानकारी अपनी प्रविष्टि में शामिल करनी होगी।

स्थान का नाम और पता - जिस स्थान को प्रतियोगिता के लिए चुना गया है, उसका स्पष्ट रूप से नाम, पूरा पता। स्थल का ऐतिहासिक/धार्मिक महत्व






.का विवरण (लगभग 200 शब्दों में) जिसमें उस स्थान का ऐतिहासिक या धार्मिक महत्व, उससे जुड़ी कहानियों, किंवदंतियाँ, या ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख किया जाना चाहिए। स्थल की 03 तस्वीर (अधिकतम साईज 10 एमबी), स्पष्ट और उच्च गुणवत्ता वाली, जो उसकी प्रमुख विशेषताओं को दर्शाती हो। स्थल का एक छोटा वीडियो क्लिप 30 सेकंड का वीडियो (अधिकतम साईज 100 एमबी). जिसमें उस स्थल की प्रमुखता को दिखाया गया हो और उसे समझाने की कोशिश की गई हो।

चयन के मापदंड:-प्रतियोगिता में प्रविष्टियों का चयन निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा -ऐतिहासिक महत्व स्थल का इतिहास, उससे जुड़ी घटनाएँ या कहानियाँ। धार्मिक महत्व स्थल का धार्मिक महत्व, वहाँ होने वाले पूजा पाठ या धार्मिक आयोजनों का विवरण। अन्य सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व स्थल का स्थानीय सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में योगदान, वहाँ होने वाले मेले या उत्सवों का महत्व। फोटो और वीडियो की गुणवत्ता स्थल की फोटो और वीडियो की स्पष्टता, प्रस्तुति और उसकी महत्वपूर्ण विशेषताओं को प्रदर्शित करने की क्षमता।

**प्रतियोगिता के नियम:** प्रत्येक प्रतिभागी केवल अपने प्रखण्ड के अंदर अवस्थित स्थल के लिए ही प्रविष्टि भेज सकते हैं। एक प्रतिभागी केवल एक ही स्थल के लिये प्रविष्टि कर सकते हैं। बिहार में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जो काफी प्रसिद्ध है। चूंकि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छुपे हुये पर्यटन स्थलों की खोज करना है। इसलिये निम्नांकित पर्यटन स्थलों को छोड़कर हीं प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं।

1. सूर्य मंदिर देव, औरंगाबाद 2. मंदार पर्वत रोपवे, बांका 3. विक्रमशीला विश्वविद्यालय के भग्नावशेष, भागलपुर 4. केसरिया स्तूप, पूर्वी चंपारण 5. महाबोधि मंदिर, बोधगया, गया 6. विष्णुपद मंदिर, गया 7. द ग्रेट बुद्धा स्टेच्यू, बोधगया 8. डुंगेश्वरी मंदिर, प्रागबोधि, गया 9. माँ दुर्गा थावे मंदिर, गोपालगंज 10. लघुआर जैन मंदिर, जमुई 11. नागार्जुन गुफा एवं बराबर गुफा, जहानाबाद 12. मुंडेश्वरी मंदिर, कैमूर 13. माँ चंडिका शक्ति पीठ, मुंगेर 14. विश्वशांति स्तूप, राजगीर, नालंदा 15. घोड़ा कटोरा, राजगीर, नालंदा 16. नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष, नालंदा 17. जैन मंदिर, कुण्डलपुर, नालंदा 18. जल मंदिर, पावापुरी, नालंदा 19. गोलघर, पटना 20. तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, पटना 21. मनेर शरीफ, मनेर, पटना 22. शेरशाह सूरी का मकबरा, रोहतास (सासाराम) 23. रोहतासगढ किला, रोहतास (सासाराम) 24. बाबा हरिहरनाथ मंदिर, सोनपुर सारण 25. पुनौराधाम, सीतामढ़ी 26. विश्वशांति स्तूप, वैशाली 27. अशोका पिलर वैशाली आदि। फोटो और वीडियो क्लिप की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए ताकि स्थल की विशेषताएँ स्पष्ट रूप से दिख सकें। सभी फोटो एवं वीडियो जीयो टैग्ड होना चाहिये। सभी फोटो एवं वीडियो प्रतियोगिता अवधि में सूट किये होने चाहिये। प्रविष्टि में दी गई जानकारी की सत्यता की जिम्मेवारी प्रतिभागी की होगी। प्रतिभागियों को समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टि ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। सभी जिलों में प्रखण्डवार प्राप्त प्रविष्टियों की जाँच जिला पदाधिकारी के द्वारा, जिला स्तर पर गठित निर्णायकमंडल द्वारा किया जायेगा।

**समय सीमा:** राज्य स्तर पर उद्घाटन के पश्चात् प्रतियोगिता प्रारंभ मानी जायेगी। प्रतियोगिता एक माह तक जारी रहेगी। समय सीमा के बाद प्राप्त प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। प्रारंभ एवं समापन की तिथि कालान्तर में सूचित किया जायेगा।

**पुरस्कार:- चयनित प्रतिभागियों को निम्नलिखित पुरस्कार दिए जाएंगे**

ज्यूरी अवॉर्ड - प्रथम पुरस्कार - रुपये 50,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र, द्वितीय पुरस्कार रुपये 45,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र, तृतीय पुरस्कार- रुपये 35,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र पिपुल्स च्वाईस अवॉर्ड -प्रथम पुरस्कार- रुपये 50,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र, द्वितीय पुरस्कार रुपये 45,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र, तृतीय पुरस्कार रुपये 35,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र सांत्वना पुरस्कार -शेष बचे 10 चयनित प्रतिभागियों के लिये, प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र प्लस मोमेन्टो प्लस बिहार पर्यटन के सोशल मीडिया पर नाम अंकित किया जायेगा प्लस रू0 20,000/-

अन्य पुरस्कार -प्रखण्ड स्तर पर चयनित शेष 518 (534-16) प्रतिभागियों के लिए, प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र प्लस रू0 10,000/-

प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया:-प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी निम्नलिखित चरणों का पालन करेंगे-

विभागीय वेबसाईट **http://www.tourism.bihar.gov.in/** पर जायेंगे। वेब पेज पर जाकर प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करें। पंजीकरण के बाद अपनी प्रविष्टि, स्थान का विवरण, फोटो और वीडियो अपलोड करें। एक बार प्रविष्टि अंकित करने के पश्चात् संशोधन नहीं होगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बहराइच हिंसा में मारे गए राम गोपाल के परिवार से मिले सीएम योगी, पत्नी की मांग- खून का बदला खून



रत्ना

**लखनऊ :** बहराइच हिंसा में मारे गए राम गोपाल मित्र के परिवार के आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में मुलाकात की। पीड़ित परिवार सीएम से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मृतक की पत्नी का कहना है कि खून का बदला खून से लिया जाएगा तभी उन्हें संतोष मिलेगा। परिवार राम गोपाल के साथ की गई हैवानियत का विवरण रखते हुए दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मृतक की पत्नी का कहना है कि खून का बदला खून से लिया जाएगा तभी उन्हें संतोष मिलेगा।

### वाल्मीकि समाज के लोगों ने नजीबाबाद में निकाली भगवान वाल्मिकी शोभा यात्रा



रिपोर्ट रोहित कुमार

उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर की तहसील नजीबाबाद मोहल्ला जाब्तागंज में निकाली गई भगवान वाल्मिकी जी की भव्य शोभा यात्रा शोभायात्रा में शामिल रहे मगन सूद, अरविंद सूद, आदेश वेद, युवा कामेटी के अध्यक्ष राहुल सूद सभी के द्वारा शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।

### तिथि भोजन को ले बच्चों में दिखा गजब का उत्साह

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड की एरुरी ग्राम पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में मंगलवार को तिथि भोजन आयोजित की गई। तिथि भोजन का आयोजन विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार ने किया। तिथि भोजन की जानकारी मिलते ही बच्चों में काफी खुशी एवं उत्साह देखा गया। बीआरसी से आए पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के साधन सेवी संजय कुमार, बीआरपी मेदनीकांत झा, किशोरी शरण वर्मा, सुंदर प्रसाद यादव, विकास कुमार, वर्षा कुमारी, ज्ञानदीप, राजकुमार सिंह, विद्यालय के प्रभारी प्रधान शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। एमडीएम साधनसेवी ने बताया कि इससे समुदाय का विद्यालय के प्रति जुड़ाव की भावना प्रगाढ़ होता है। शिक्षकों एवं समुदाय के प्रति बच्चों का लगाव बढ़ता है। साधन सेवी ने बताया कि प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में तिथि भोजन आयोजित किया जा रहा है।

# फिर चढ़ेगा यूपी का सियासी पारा उपचुनाव की तारीखों का एलान; क्यों खाली हुई थी ये नौ सीटें



लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों का ऐलान आज चुनाव आयोग ने कर दिया है।। यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। जबकि 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी। बता दें यह उपचुनाव 2027 विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल भी माना जा रहा है। जानिए क्यों खाली हुई थीं ये 10 सीटें? प्रदेश की जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होना है, उसमें कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल, मिर्जापुर की मझवां, अयोध्या की मिल्कीपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट शामिल है।

## उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान, 23 को होगी काउंटिंग

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना




**लखनऊ।** चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आगामी चुनावों की तिथियों की घोषणा करते हुए उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के उपचुनाव की तिथियों की जानकारी दी। बता दें कि कानपुर की सीसामऊ प्रयागराज की फूलपुर मैनपुरी की करहल मिर्जापुर की मझवां अयोध्या की मिल्कीपुर अंबेडकरनगर की कटेहरी गाजियाबाद सदर अलीगढ़ की खैर मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है। बता दें कि कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल, मिर्जापुर की मझवां, अयोध्या की मिल्कीपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है।

## जेएनसीयू द्वारा एड्स से बचाव हेतु फ्लैश मॉब के साथ किया गया जागरुकता अभियान



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** नाको भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी तथा समाजकार्य विभाग, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एड्स नियंत्रण की जागरूकता हेतु शहर के रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण एवं निदेशक शैक्षणिक डॉ पुष्पा मिश्र के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर संजीव कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ आनंद कुमार द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा फ्लैश माब व नुक्कड़ सभा का आयोजन का किया गया। इन कार्यक्रमों द्वारा यह संदेश दिया गया कि एड्स को रोकने के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। उक्त कार्यक्रम में बताया गया कि एड्स एचआईवी नामक वॉयरस से होता है और एड्स हमारे शरीर मे बीमारियों से लड़ने की क्षमता पर बुरा असर डालता है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आनंद जी ने बताया कि एड्स कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। यह असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित हुई सुई और संक्रमित खून के द्वारा फैलता है। इस अवसर पर अमर चेतना समिति के अमरदीप , नागेंद्र पांडे, राजेश एवं बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक, विश्वविद्यालय के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लकड़ी माफिया ने वन विभाग के रेंजर पर लगाए गंभीर आरोप



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

बिजनौर वन रेंज बढापुर में लकड़ी माफिया ने वन विभाग के रेंजर जितेंद्र सिंह व उनकी टीम के द्वारा लकड़ी माफियाओं को सागौन की लकड़ी काटकर चोरी कर प्राइवेट गाड़ी वैगन आर में ले जाते समय पकड़े जाने की कार्यवाही से बचने के लिए चोरी की लकड़ी के जुर्माने में दिए₹60000 को रिश्वत में देना बताकर तथा पूर्व में लगी एक्सीडेंटल चोट को विभागीय कर्मचारियों के द्वारा मारपीट दिखाकर दबाव बनाने के लिए वन विभाग पर लगाये गंभीर आरोप सूत्रों के अनुसार उपरोक्त लकड़ी माफिया पर वन विभाग में पूर्व के कई मुकदमे दर्ज हैं।

## नवीन कृषि मंडी से रंगा हुआ 21 कुन्तल लाल आलू को किया सीज

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी



बलिया-खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार की सायं को बड़ी करवाई करते हुए नवीन कृषि मंडी तिखमपुर में लाल रंग से रंगा हुआ 21 कुन्तल आलू और रंगने वाले पदार्थ को पकड़ा है। सचल दल रंगे हुए आलू व रँगने वाले पदार्थ का नमूना लेकर जांच के लिये प्रयोगशाला भेज दिया और आलू को सीज कर दिया। सहायक आयुक्त द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि शिकायत मिली थी कि किसी लाल रंग के पदार्थ से आलू को रंग करके बेचा जा रहा है। जिसपर तत्काल करवाई करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम को नवीन कृषि मंडी भेजा गया। टीम ने शिकायत सही मिलने पर बिक्री के लिये रखा लाल रंग के पदार्थ से रंगा 21 कुन्तल आलू को सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान टीम को पता चला कि लाल रंग के पदार्थ से रंगे आलू को चार सौ रुपये प्रति कुन्तल महंगा बेचने की फिराक में था। टीम में रंगा हुआ लाल आलू व लाल रंग के पदार्थ के नमूनों को जांच के लिये प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर नियमानुसार करवाई की जायेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार, अखिलेश कुमार मौर्य, ओम प्रकाश यादव भी थे।

## कुल के बाद हाशिम शाह चहार जर्ब साहब (दाता साहब)का सालाना उर्स शुरू, कुल में हजारों अकीदतमंदों ने की शिरकत

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी



बलिया-आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर के नगर मोहल्ला मुड़ियापुर स्थित मजार शरीफ पर मंगलवार को सुबह 'क़ुल' के बाद हज़रत हाशिम शाह चहार जर्ब साहब के सालाना उर्स पाक का आगाज़ हुआ, जिसमें हजारों अकीदतमंदों ने शिरकत की। चली आ रही परम्परानुसार के अनुसार गागर भराई की रस्म अदायगी और कुल के बाद चादर पोशी व फातेहा पढ़ने का कार्य शुरू हुआ और दोपहर तक हजारों ने मज़ार पर हाज़िरी दे कर फातेहा पढ़ी। इस दौरान मज़ार के आसपास लगे मेला में मेलार्थियों की भी काफी भीड़ है और विभिन्न सामानों की लोग जम कर खरीदारी करते देखे गए। प्रमुख रूप से सैयद सिराजुद्दीन अजमली, सैयद डॉ मिन्हाजुद्दीन अजमली, सैयद जाफर अजमली,शेख अलीमुद्दीन,मास्टर वसी अहमद, कारी फिरोज, शेख अहमद अली उर्फ संजय भाई, फैजी अंसारी, नजरूल बारी उर्फ बल्लू मास्टर, मुमताज खां,सद्दाम खान,खुर्शीद आलम, रईस अहमद मन्नू,मोहन अंसारी,पूर्व नगर अध्यक्ष प्रत्याशी गनेश प्रसाद सोनी डॉ आशुतोष गुप्ता,जितेश वर्मा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। शांति व्यवस्था बनाये रखने के थाना प्रभारी विकास चन्द पाण्डेय तथा चौकी प्रभारी अजय पाल फोर्स के साथ शुरू से अन्त तक मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार का आकस्मिक निरीक्षण किया

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी



बलिया-जिलाधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान आर0 आर0 के0 से आज नकल के लिए कितने आवेदन आए तथा अब तक कितने नकल लम्बित है की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि नियमानुसार व समयबद्ध नकल दिया जाय तथा समुचित तरीके से रजिस्टर पर अंकन किया जाय। उन्होंने व्यवस्थित तरीके से अभिलेखों का रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखागार में कार्यरत सभी कार्मिकों से उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि कोई भी बाहरी व्यक्ति कार्य नहीं कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बाहरी व्यक्ति के कार्य करने की शिकायत प्राप्त होती हैं तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डी0 पी0 सिंह व नगर मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी उपस्थित रहें।

## मुरादाबाद : संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक में ब्लॉक को निपुण बनाने की ली गयी शपथ

लोकतंत्र की आवाज़

नवील अहमद

(मुरादाबाद)कांठ। शासन के निर्देश पर आज न्याय पंचायत मोढी हजरतपुर की मासिक बैठक का आयोजन कंपोजिट विद्यालय पायंदापुर में किया गया । बैठक में संकुल मोढ़ी हजरातपुर के समस्त विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों एवं इंचार्ज प्रधान अध्यापक को ने भाग लिया 'बैठक मे सामूहिक मंथन का महत्व ,शिक्षकों की निपुण छात्र हेतू समूह में चर्चा, विद्यालय को निपुण बनाने की कार्ययोजना, बेस्ट प्रेक्टिस - टी एल एम किट्स /प्रिंट रिच सामग्री का उपयोग पर चर्चा, शिक्षकों की प्रिंटरीच पोस्टर, चित्र चार्ट, गणित बोर्ड, गणित पोस्टर पर चर्चा, इको क्लब के गठन पर चर्चा। ठअळ/ठअर के आयोजन सम्बंधित विषय पर चर्चा की गई बैठक के अंत मे शिक्षक संकुल शमीम अहमद, , संदीप पवार, भुवनेश कुमारी एवं प्रियंका चौधरी के साथ उपस्थित शिक्षकों के द्वारा विद्यालय, जनपद को निपुण बनाने हेतू निपुण शपथ ली गई बैठक मे जुल्फगार, तनवीर आलम,प्रभाष कुमार, बृजेंद्र बिश्नोई, बबिता, ज़ुबैर अहमद, अंजलि पाल, प्रगति देवी, विमल कुमार, रचना अग्रवाल आदि उपस्थित थे प्रभारी प्रधानाध्यापक ज़ुल्फकार अली का बैठक व्यवस्था मे सराहनीय योगदान रहा।



## योगी सरकार का दिवाली तोहफा! मुफ्त गैस सलिंडर का एलान, लाभ लेने के लिए जल्द करें ये काम

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 14.2 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमत (सितंबर माह के अनुसार) 842.42 रुपये हैं। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थी को मिलने वाले सिलेंडर पर केंद्र सरकार द्वारा 334.78 रुपये की सब्सिडी दी जाती है। शेष 508.14 रुपये की छूट प्रदेश सरकार द्वारा दी जाएगी। इसमें प्रति सिलेंडर खातों में धनराशि भेजे जाने की विनियम दर (50 पैसे) भी शामिल है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रथम चरण में अक्टूबर से दिसंबर माह में और दूसरे चरण में जनवरी से मार्च- 2025 तक दो मुफ्त सिलेंडर प्रदान किए जाएंगे। यह लाभ सिर्फ ऐसे लाभार्थियों को ही मिलेगा जिनके बैंक खाते आधार से लिंक और प्रमाणित होंगे। दीपावली और उसके बार होली में मुफ्त दिए जाने वाले सिलेंडर पर चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेश सरकार 1889.84 करोड़ रुपये व्यय करेगी। यह आकलन आधार प्रमाणित मौजूदा लाभार्थियों के आधार पर किया गया है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी लोगों की समस्याएं



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहेबगंज। जिला दंडाधिकारी– सह–उपायुक्त हेमंत सती ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता की समस्याओं से अवगत हुए जिसमें जिले के दूरदराज के गांव से लोगों ने आकर अपनी–अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन के माध्यम से उपायुक्त के समक्ष अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। इस दौरान उपायुक्त सती द्वारा विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों के शिकायतों को बारी–बारी से सुना। आवेदन विशेष कर जमीन विवाद, जाति प्रमाण पत्र,अबुआ आवास, राशनकार्ड से संबंधित थी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को शिकायतों के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस दौरान उपायुक्त श्री सती ने कहां की जिला प्रशासन जनता दरबार के माध्यम से दूरदराज के इलाकों से आए हुए ऐसे लोग जिन्हें सरकारी योजना से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आ रही है, या वह किसी सरकारी लाभ से वंचित रहे हैं उनके समस्याओं के निष्पादन के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर है। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया।

### न्यायपूर्ण नया बिहार वास्ते बदलो बिहार न्याय यात्रा



लोकतन्त्र की आवाज़
दिलीपकुमार ठाकुर
वारिसनगर/समस्तीपुर। प्रखण्ड में 16 से 25 अक्टूबर 2024 मिथिला ज़ोन, भाकपा माले बिहार की तैयारी के सिलसिले में प्रखंड के रहुआ पक्षमी क्षेत्र के रहुआ निवासी देवेंद्र ठाकुर के निवास स्थान पर भाकपा माले एवम खेग्रामस वारिसनगर प्रखंड कमिटी की संयुक्त विस्तारित बैठक भाकपा माले प्रखंड सचिव रामचंद्र पासवान की अध्यक्षता में एवम खेग्रामस ज़िला सचिव जीवछ पासवान के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। बैठक में बदलो बिहार न्याय यात्रा को सफलतापूर्वक अपने प्रखंड से गुज़ारने, पद यात्रा में शामिल आगंतुकों का भव्य स्वागत करने के साथ–साथ वारिसनगर प्रखंड से ज़्यादा से ज़्यादा भागेदारी को सुनिश्चित करने की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर खेग्रामस के ज़िला सचिव जीबछ पासवान ने कहा बेनीपट्टी से विभूतिपुर मिथिला ज़ोन पद यात्रा 16 अक्टूबर को 10 बजे दिन से अम्बेडकर चौक बेनीपट्टी मधुबनी से शुरू होकर 17 अक्टूबर कलवाहि से मधुबनी,18 अक्टूबर को रैयाम मधुबनी,19 अक्टूबर छोटाई पट्टी से प्रस्थान कर के हेंगौली, सदर प्रखंड दरभंगा फिर 20 अक्टूबर को पोलो मैदान में 11 बजे से मिथिला विकास सम्मेलन को करने के बाद पंडा सराय होते हुए विलास पुर, हाया घाट के विभिन्न कार्यक्रमों को पूर्ण करते हुए 21 अक्टूबर की सुबह समस्तीपुर के लिए रामभद्र होते हुए मक़सूद पुर हार्ट, खजरी, मुक्ता पुर रेलवे स्टेशन चौक में सभा करने के बाद पद यात्रा समस्तीपुर माले ज़िला कार्यालय की ओर रवाना हो जाएगी।

### डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई



लोकतंत्र की आवाज
रामजी कुमार
समस्तीपुर। रा.उ.म.विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ सह उच्च माध्यमिक विद्यालय विशनपुर बथुआ पूसा, समस्तीपुर में मंगलवार को चेतना सत्र में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, वैज्ञानिक, मिसाइल मैन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम साहब की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया और पुष्प अर्पित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर मध्याह्न भोजन से पहले साबुन से हाथ धोकर खाने के लिए प्रेरित किया गया। हाथ कब कब और कैसे धोना चाहिए इसके लिए गतिविधि कराकर समझाने की प्रयास किया गया।

# पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन अब्दुल कलाम की जयंती समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** प्रखंड के मानिकपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम जी की जयंती धूम धाम से मनाई गई। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील पासवान पूर्व जिला परिषद सदस्य,कहलगांव,समाजसेवी अमित कटारूका और मनोज यादव ने उनके तेल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधा भी लगाया गया।



इस अवसर पर विद्यालय के भईया ,बहनों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया जिसमें दस विद्यार्थियों ने भाग लिया। अपने प्रभावी भाषण के लिए वर्ग तृतीय के योगिराज को प्रथम, विवेक कुमार को द्वितीय और वर्ग द्वितीय के शिवम कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अतिथियों के द्वारा मेडल सर्टिफिकेट एवं अन्य प्रतिभागी को कॉपी ,कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित सभी विद्यार्थियों के बीच फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील पासवान ने कहा मिसाइल मेन डॉक्टर कलाम एशिया के लिय एक प्रकाश की तरह थे। जिनका पूरा जीवन भारत को विकसित बनाने के लिए समर्पित था।इनकी जयंती पर पूरा विश्व आज वर्ल्ड स्टूडेंट डे मना रहा है। हमें उनसे बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है औरइसके लिए हमें मन लगाकर पढ़ना चाहिए। अमित कटारूका ने कहा पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम एक सच्चे देश भक्त थे।

विद्यार्थियों के बीच रहना उनको बहुत पसंद था। उनका मानना था विद्यार्थी ही इस देश को एक नई दिशा दे सकता है। हम उनको नमन करते हैं। मनोज यादव ने कहा उनकी कही बातें पूरी दुनिया को आज भी प्रेरणा दे रही है। मौके पर संस्था के सदस्य मो0 राशिद,मो0 मेराज, एवं शिक्षक शिवनंदन यादव ,राजीव नंदन,अरविंद कुमार,मुकेश कुमार,शिक्षिका,सोनी कुमारी,पूनम कुमारी, उपस्थित रहे। मंच संचालन संजीवनी गंगा के संस्थापक मो0 अयाज ने किया।जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुनंदन पंडित ने किया।

# सहायक अवर निरीक्षक को प्रोन्नति देते हुए अवर निरीक्षक एसडीपीओ ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**बरहड़वा।** बरहड़वा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिरासीन में मो शाहजहान का बिल्डिंग में सोमवार को हीरो मोटरसाइकिल शॉरुम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से बीस सुत्री अध्यक्ष अशोक दास, रैसुल आलम, प्रदेश महामंत्री भारतीय कामगार श्रामिक संघ तारीक अजीज़ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस दौरान बीस सुत्री अध्यक्ष अशोक दास ने कहा कि सिरासीन क्षेत्र में हीरो शॉरुम खुल जाने से यहां के लोगों को और ज़्यादा फ़ायदा मिलेगी। अब दूर दराज जाने की जरूरत नहीं होगी। वहीं शॉरुम के प्रो सफीकुल शेख़ ने बताया कि उनके यहां अब हीरो कंपनी के मोटरसाइकिल के सभी तरह की पार्ट्स एवं सभी तरह की मोटरसाइकिल उपलब्ध है। आगे बताया कि ग्राहकों को विशेष छूट के साथ बाइक दिया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अशराफुल हक़, उप मुखिया आलमगीर आलम, अख्लाकुर उर्फ गुड्डू, श्याम मंडल, बबलु शेख़, हुमायूंन शेख़, असगर शेख़,असफाक शेख़,रेजाउल शेख, जोहरूल शेख,बैदुल आलम सहित अन्य मौजूद थे।

# बिहपुर में हिंदू युवा वाहिनी संगठन कमेटी गठित



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में मंगलवार को एनडीए कार्यालय में बिहपुर विधायक ई.कुमार शैलेन्द्र के संरक्षण में हिन्दू युवा वाहिनी संगठन कमिटी का गठन किया।मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सौरभ कुमार ने किया।मौके पर संयोजक विश्वजीत कुमार ने कहा कि हिन्दूओं को संगठित , शक्तिशाली और स्वाभीमान की रक्षा करने के लिए जागरुकता अभियान चलेगा ।बिहपुर क्षेत्र में इस संगठन का प्रथम बार विस्तार किया गया है ।वहीं सह- संयोजक में अभिषेक मिश्रा उर्फ लल्ला बाबा , सोनू कुमार, सुभम कुमार,प्रिंस वर्मा,बादल यादव कन्हैया झा एवं मिडिया प्रभारी कुंदन,विक्की व राहुल को बनाया गया ।

# मनाया गया गौस-ए-पाक का सालाना उर्स ,सज्जाद नसी अली कौनैन खां ने देश में अमन चैन की मांगी दुआ

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में प्रसिद्ध खानका ए आलिया फरिदिया मोहब्बतिया में मंगलवार को ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर जश्न ए गौसुलवरा का एक दिवसीय जलसा का आयोजन खानका परिसर मे किया गया !पीरान - ए - गौसूल आजम दस्तगीर रजि अल्लाह अनहो ( गौस पाक ) का सालाना उर्स ए पाक धुम धाम के साथ मनाया गया !उर्स को लेकर खानका परिसर को आकर्षक तरिके से सजाया गया था इस अबसर पर खानका के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खॉ फरीदी की सदारत एवं नायव सज्जादानशी हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ फरीदी की जेरे कयादत में जलसे का आयोजन हुआ !



सज्जादानशी ने कहा कि गौस ए पाक पैदाइशी वली थे अल्लाह ने उनहै पीरो का पीर बनाया है जलसा में हजरत मौलाना अबूसालेह फरीदी ने गौसे पाक के बारे मे बताते हुये कहाकि लौगो को हमेशा गरीब व जरूरतमंदो की मदद सेवा करने को कहा !क्योंकि गौसे ए पाक भी गरीबों के बीच सदा लंगर वॉटते एव उनकी हर प्रकार की मदद किया करते थे जलसे मे नातिय कलाम बलिया के मो0 असलम ,मो0 फारूक फरीदी, सहित आलम व मदरसा जामिया शाह मोहब्बतिया के बच्चे ने नात शरीफ सुनाया !जलसे की शुरुआत हाफिज काडी तारीक अनवर ने तिलावते कुरान शरीफ पढकर शुरू किया !

जलसे मे बडी संख्या में लौगो की मौजूदगी देखी गई !जलसे के बाद नायव सज्जादानशी हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ ने खानका के सिलसिले का शजरा पढकर लौगो को सुनाया !फिर उसके बाद सज्जादानशी के हाथो दुआ पढी गई !फिर उसके बाद आम लौगो के बीच शिरणी तकशीम किया गया ! मौके पर जिप सदस्य मोईन राईन ,करार खॉ ,समाज सेवी इरफान आलम, रहबर खॉ, रहनुमा खॉ , जाबेद आलम ,खुर्शीद आलम ,गुलाम पंजतन , उप प्रमुख ऐनामुल, मौलवी केताबुल, कलीम खान , मेहरबान आलम, अफरोज आलम रेलवे ,जुबैर आलम ,हमिद फरीदी, आदि लोग मौजूद थे।

# नवगछिया पुलिस जिला जूनियर बालक बॉल बैडमिंटन टीम घोषित

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में चित्रांश खेल एवं सांस्कृतिक मंच व मुजफ्फरपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा बैधनाथ प्रसाद मेमोरियल 31वीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप ( बालक एवं बालिका ) का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर तक बीपी इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल, मिठनपुरा, मुजफ्फरपुर में हो रहा है।



नवगछिया पुलिस जिला जूनियर बॉल बैडमिंटन बालक टीम की घोषणा कर दी गयी है। टीम की घोषणा करते हुए नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जिला बॉल बैडमिंटन संघ के मुख्य संरक्षक सह बिहपुर विधायक ई. कुमार शैलेन्द्र,अध्यक्ष मनोज कुमार लाल,उपाध्यक्ष सौरभ कुमार, मो.शमीम उर्फ मुन्ना,कोषाध्यक्ष दिव्यप्रियदर्शी अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार,अंकित कुमार शर्मा,राजा कुमार शिक्षक राजेश कुमार रवि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार के अनुसार घोषित टीम इस प्रकार है :-

बालक वर्ग - पुष्कर कुमार ( कप्तान ) बिट्टू कुमार ( उपकप्तान ) अजीत कुमार, मन्नू कुमार,आदित्य राज,प्रियांशु कुमार,शिवम कुमार,गोल्डन कुमार,अमर कुमार,साकेत कुमार। टीम मैनेजर- कारण कुमार पंडित ,प्रशिक्षक आशीष उर्फ कुमार।

बालिका टीम की घोषणा 18 को की जाएगी। रेफरी टेस्ट में शामिल होंगे राजीव कुमार,सूरज कुमार,अमित कुमार,घनश्याम कुमार,मो.सैफ अली आदि है।

# इकरा कोचिंग सेंटर में देर रात हुआ तालीमी मुकाबले का आयोजन, संचालन साकिब रजा ने किया

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में सोमवार को देर रात इकरा कोचिंग सेंटर के तरफ से बिहपुर के मंजिलशाह मैदान पर तालीमी मुकाबला का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। तालीमी मुकाबले में , मोहम्मद अजमल, कायनात खातून, आलिया नाज, जोया नाज, मोहम्मद दिलकश, आफरीन खातून, शाहीन खातून , मंतशा खातून, नेहा खातून, आयत परवीन, तलअत खातून, फलक खातून, मोहम्मद अनस, आशिया खातून, आलिया खातून, अतिबा आफताब, सिदरा जिया, आफरीन नाज, जीनत खातून, सफक खातून, निखहत खातून, सीरत खातून, निशा खातून, मोहम्मद मुजम्मिल,



मोहम्मद फरहान, रिफअत खातून, मोहम्मद अरहम, मोहम्मद आहील रजा, मोहम्मद सुबहानी, मोहम्मद सैफ़, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद अयान, मोहम्मद इशान, इन सभी बच्चों ने मुकाबले में प्रथम,द्वितीय एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इकरा कोचिंग सेंटर की तरफ से इस तालीमी मुकाबले में क्षेत्र के ऑलमा ए कराम के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन इकरा कोचिंग सेंटर के संस्थापक हाफिज साकिब रजा ने किया। इस कार्यक्रम में बच्चों के गार्जियन भी उपस्थित हुए। प्रथम, द्वितीय एवं तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बिहपुर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अबू सालेह फरीदी

**● काफी संख्या में बच्चों ने लिया भाग**

,झंडापुर शेख टोला मस्जिद के इमाम हाफिज व कारी राकीम रजा ,पठान टोला मस्जिद के इमाम मौलाना इरफान आलम उर्फी, विक्रमपुर मस्जिद के इमाम साजिद रजा, हाफिज मोहम्मद तारिक, जिला परिषद सदस्य मोईन राईन व पंचायत समिति प्रतिनिधि मोहम्मद जावेद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया। इकरा कोचिंग सेंटर के संस्थापक हाफिज साकिब रजा ने कहा कि पूरे प्रखंड में इकरा कोचिंग सेंटर एक ऐसा कोचिंग सेंटर है कि जिसमें कुराने पाक की तालीम के साथ-साथ इस्लामिक जानकारी भी दी जाती है। बच्चों में काफी खुशी देखने को मिल रहा था।

# शरत पूर्णिमा आज,होगी अमृत वर्षा

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** शेरमारी बाजार ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में शरद पूर्णिमा धूमधाम से मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है ।लोकमान्यता के अनुसार इस दिन भगवती लक्ष्मी का जन्म हुआ था। आज के दिन लक्ष्मी की पूजा करना किया जाता है। रात को जो व्यक्ति जागरण करके मां लक्ष्मी की पूजा करता है महालक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



शरद पूर्णिमा की रात अमृत की किरणे धरती पर गिरती है, इस अमृत किरण मे अनेक बीमारियों को दूर करने की क्षमता होती है। इस दिन लोग खीर बनाकर के खुले आकाश में छोड़ते हैं और लक्ष्मी जी की आराधना करते हैं। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा का रौशनी में रखी खीर खाने का विशेष महत्व है ।यह महत्त्व धार्मिक और वैज्ञानिक कारणों से भरी हुई है।

शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपने पूर्ण कलाओं से भरी होती है ।श्री राम सेवा समिति के सदस्य पंकज कुमार जायसवाल, राजेश दत्ता ,रविंद्र कुमार गुप्ता, सचिन पांडे,सुनील कटारुका, ने बताया कि आर एस एस के कार्यकर्ता गण व्यायाम के कौशल का प्रदर्शन करेंगे। रात मे खीर का भोग लगाया जाएगा। प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# भागलपुर रीति रिवाज मैरिज हॉल में देर रात डांडिया उत्सव मना

लोकतंत्र की आवाज

**बिहपुर।** वी वीईपी इवटेंस के द्वारा डांडिया उत्सव का आयोजन रीति रिवाज गार्डन भागलपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य रूप से मधेपुरा एस डी एम ,जेड हसन जी ,युवा समाज सेवी प्रशांत विक्रम ,भागलपुर के डिप्टी मेयर डॉ सलाउद्दीन ,वार्ड पार्षद अहज़गर ,अम्मा जी सेवा केंद्र के अध्यक्ष मुजफर अहमद ,डॉ शिशु पाल भारती , ने सयुंक्त रूप से दीप जलाकर आगाज किया। अपने संबोधन में। एस डी एम जेड हसन जी ने कहा कि महिलाओं का यह उत्साह बता रहा है ।कि लोग नवरात्र के माहौल में पूरी तरह से रंग चुके हैं।उन्होंने लोगों को नवरात्रि की बधाई दी।



कार्यक्रम के दौरान एस डी एम जेड हसन ने नृत्यम डांस ग्रुप को संचालक निखिल पांडेय को अंग वस्त्र देकर संम्मानित किए ।लोगों पर डांडिया का उत्साह ऐसा चढ़ा कि रात 10 बजे तक लोग थिरकते रहे। डांडिया के गीत के साथ-साथ बीच बीच में भक्ति गीत भी बज रहे थे। लोगों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम के बीच में जय माता दी का उद्घोष लोगों में जोश भर दे रहा था। डांडिया उत्सव के इस कार्यक्रम में बेस्ट डांसर, बेस्ट कॉस्टूयम डिजाइनर का अवार्ड दिया गया। जिसे डॉ विनय

**● शहर वासियों ने जमकर लिया आनंद**

गुप्ता व डॉ प्रशांत विक्रम के द्वारा सभी स्पांसर को सम्मनित किये गये ।वही कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में केवडिया कन्स्ट्रक्शन के डाइरेक्टर अमित सिंह ,युवा समाज सेवी विजय कुमार यादव डॉ विनय कुमार गुप्ता सहित कई

कार्यकम में मुख्य रूप से वी वाईपी इवेंट्स के प्रोपराइटर प्रशांत बनर्जी ,ऋषि केश राणा ,कुमार शानू ,राहुल यादव ,सीटू यादव ,विक्रांत कुमार,नंन्ही उमीद के अंकित कुमार ,सहिद सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे । प्रशांत बनर्जी ने बताया कि रीति रिवाज मैरिज हॉल में शादी विवाह एवं अन्य पार्टी के लिए संपर्क भी कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुख्य सचिव बिहार अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी समस्तीपुर नेकी बैठक

समस्तीपुर। मुख्य सचिव बिहार अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में द्वितीय मंगलवार की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई।जिसमें जिलाधिकारी समस्तीपुर रोशन कुशवाहा द्वारा अपर समाहर्ता समस्तीपुर अजय कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त समस्तीपुर संदीप शेखर प्रियदर्शी, नगर आयुक्त समस्तीपुर के डी प्रज्वल के साथ अन्य महत्वपूर्ण विभागों के पदाधिकारी यथा जिला योजना पदाधिकारी समस्तीपुर, कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन एक एवं दो, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल समस्तीपुर, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल समस्तीपुर/दलसिंहसराय/रोसडा एवं पटोरी, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल समस्तीपुर एवं रोसडा इत्यादि ने भाग लिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के पश्चात जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा सभी विभागों के संबंधित पदाधिकारीगण को मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र समर्पित करने के निमित्त निर्देशित किया गया।

### मोतिहारी: जिले के सुगौली टोल प्लाजा के कर्मियों ने की वाहन चालक से जबरन मारपीट

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी। सुगौली टोल प्लाजा पर वाहन चालक एवं यात्रियों से मारपीट मामले में दो चालक गंभीर रूप से जख्मी,जख्मी चालक का चल रहा है ईलाज। टोल प्लाजा कर्मियों ने वाहन चालक को जमकर की है लाठी डण्डें से की है पिटाई। हरसिद्धि के उप प्रमुख पति अरमान आलम अपने रिश्तेदार के साथ सुगौली जाने के क्रम में हुई है घटना। आक्रोशित लोगों ने घटना के बाद टोल प्लाजा पर ही धरना पर बैठे पूर्व विधायक राजेंद्र राम,विजय रंजन,नयन कुशवाहा, प्रमुख पुत्र मनोज राम, राजेंद्र यादव सहित सैकड़ों लोग है शामिल। मौके पर पहुंचे सुगौली थानाध्यक्ष अमित कुमार धरना पर बैठे लोगों को मानने में जुटें रहे। वहीं नेताओं की इसकी जांच कर कार्रवाई करने की मांग की हैं।

### कुशीनगर:बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है विजयादशमी का पर्व : ओमप्रकाश जायसवाल

कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के वार्ड नम्बर 1 रानी लक्ष्मी बाई नगर ( नरकटिया खुर्द ) में विजयादशमी पर्व के अवसर पर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर महिला, पुरूष, बच्चों ने आयोजित मेले का खूब आनन्द लिया। सोमवार को देर शाम राम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा आयोजित रावण दहन उत्सव में पूजन अर्चन किया गया और जयकारे लगाए गए। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के कसया नगर मण्डल उपाध्यक्ष और प्रतिष्ठित व्यवसायी ओमप्रकाश जायसवाल ने वार्ड वासियों के साथ रावण के पुतले का दहन किया और कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसलिए इस पर्व से सीख लें और एक सुंदर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर बुद्ध विद्या बिहार के प्रधानाचार्य एवं पत्रकार वीरेन्द्र सिंह, अशोक श्रीवास्तव, अनिल जायसवाल अनिल पाण्डेय, पूर्व सभासद पवन जायसवाल, गोपाल राव, गुड्डू भारती, प्रयाग, सागर, गोलू कुशवाहा, प्रेम कुमार, नेबुलाल गोंड़, सुरेश लेखपाल, सुदामा कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### नगर वासियों को नहीं मील रही है शुद्ध पेयजल,

बगहा। अनुमंडलीय अस्पताल में नगर के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों की लागत से जलमीनार का निर्माण किया गया है। निर्माण के बाद से सुबह व शाम नगर के लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा था। इसी बीच निर्माणकर्ता एजंसी का कार्यकाल पूरा हा गया। जिसके कारण इसका संचालन बंद कर दिया गया है। उसके बाद नगर परिषद और संबंधित विभाग द्वारा करीब एक साल से इसका संचालन नहीं किया जा रहा है। इससे जला पूर्ति पूरी तरह से ठप है। लोगों को ऐसी स्थिति के कारण आज भी चापाकल से लोगों पानी पीने की मजबूरी बनी हुई है। इतना ही नहीं नगर थाना परिसर में बने जलमीनार से भी पानी कभी सुबह आधा घंटा मिलता है, तो कभी नहीं मिलता है। बताते चले कि नगर में एक अरब से अधिक की राशि से जलमीनार बना हुआ है। बावजूद इसके अब तक नगर वासियों को शुद्ध पेयजल सपना बना हुआ है। वहीं वार्ड संख्या 30 के वार्ड पार्षद संजय यादव ने बताया कि बार बार नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी व अभियंता को कहने के बावजूद अब तक इसकी संचालन की पहल नहीं की जा रही है। लोगों में आक्रोश बढता जा रहा है।

## गौनाहा :कांग्रेस हर जाति व धर्म की पार्टी है बिहार प्रभारी सुशील कुमार पासी बिहार की मजबूरी है, कांग्रेस बहुत जरूरी है

लोकतंत्र की आवाज

**यह भूमी गांधी के संघर्षों की भूमी है। महात्मा गांधी ने न्याय की लड़ाई यहां से शुरू की थी**



**गौनाहा ।** प्रखंड अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सह बिहार प्रभारी सुशील कुमार पासी ने मंगलवार को भितिहरवा गांधी आश्रम परिसर में जिला कांग्रेस कमेटी कार्याकर्ताओं की बैठक मे संगठन की मजबूरी पर बल दिया। उन्होंने सभी 18 प्रखंड, नगर परिषद, पुर्व कांग्रेस विधायक व सांसद सहित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भूमी गांधी के संघर्षों की भूमी है। महात्मा गांधी ने न्याय की लड़ाई यहां से शुरू की थी। अंग्रेजों से किसानों को मुक्ति दिलाई थी। उनका कहना था कि बिहार को नौजवान, किसान, महिला व मुस्लमान को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ने आया हुं जो गांधी की पवित्र भूमि भितिहरवा से शुरू की है। आड़े हाथों लेते हुए भाजपा, जदयू, राजद पर वह जम कर बरसे एवं उनके नितियों की ड़ी भर्तस्ना की। बिहार सरकार के स्मार्ट कार्ड पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह बिहार की जनता के लिए खुन चुसक यंत्र है। कार्यकर्ता सम्मेलन का सफल संचालन प्रखंड अध्यक्ष शकील अहमद ने की। संबोधन में जिला अध्यक्ष भारत भुषण दुबे ने अपने अध्यक्षिय भाषण मे अन्य पार्टियों की जमकर आलोचना की एवं कहा कि कांग्रेस ही बिहार एवं देश को एक सही दशा व दिशा दे सकती है। नरकटियागंज के विधायक विनय वर्मा ने अभात्रांक के सचिव सह बिहार प्रभारी सुशील कुमार पासी को भितिहरवा गांधी आश्रम के संक्षिप्त इतिहास से अवगत कराते हुए पं राजकुमार शुक्ल द्वारा गांधी को चंपारण बुलाने के तथ्यों से अवगत कराया। सभी प्रखंड से आये प्रखंड अध्यक्ष, पुर्व विधायक, पुर्व सांसद, जिला अध्यक्षो द्वारा मुख्य अतिथि सुशील कुमार पासी को अंग वस्त्र व माला पहना कर सम्मानित किया गया। अन्य वक्ताओं में शेख कामरान, विनय साही, मंजु राम, तुफौल अहमद, खलील अख्तर, सुजीत कुमार सोनी, जितेंद्र राव, मंजुबाला पाठक, प्रमोद सिंह, अनुराग सिंह, रुस्तम मियां, नरेश राम, सुजीत कुमार दास, राजकुमार महतो, अभय विक्रम साह, प्रमोद प्रसाद, अबुलैस, मदन मोहन तिवारी, अर्जुन लाल आदि शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन बेतिया के पूर्व सांसद मदन मोहन तिवारी ने की।

## पशु चिकित्सा पदाधिकारी को पितृ शोक, राजनीति विज्ञान विभाग के व्याख्याताओं का निधन



लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार

**पूसा/समस्तीपुर ।** स्थानीय उमा पांडेय महाविधालय से 72 वर्षीय सेवानिवृत व्याख्याता डा सत्येंद्र ठाकुर का लंबी बीमारी से जूझते हुए नवरात्रि में ही विगत 10 अक्तूबर को रात्रि में निधन हो गया। उमा पांडेय महाविधालय में अर्थशास्त्र विभाग में 36 वर्षो तक विभागाध्यक्ष के पद पर आसीन होकर डा सत्येंद्र ठाकुर ने रीडर के अलावे राष्ट्रीय सेवा योजना, महाविधालय वर्सर सहित कई अहम जिम्मेदारियों को भलीभांति निर्वहन करते हुए वर्ष 2016 में सेवानिवृत हो गए थे। डा ठाकुर ने चार दशक पूर्व राजेंद्र कृषि विश्वविधालय पूसा के कृषि आर्थिक एवं किसानों की सबलता विषय पर शोध कर पीएचडी की डिग्री भी प्राप्त किया था। डा ठाकुर कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत हजपुरवा पंचायत के करूआ गांव के मूल निवासी थे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार में एक पुत्र डा संजीव कुमार ठाकुर के अलावे एक पुत्री अर्चना कुमारी सहित नाती, नतनी, पोता, पोती छोर गए है। पुत्र डा संजीव कुमार ठाकुर मुजफ्फरपुर जिला में पशु चिकित्सक के पद पर आसीन है। वहीं उमा पांडेय महाविधालय में राजनीति विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष के पद पर बीते पांच वर्षों से पदस्थापित 35 वर्षीय डॉ रंजीत राम लम्बे बीमारी से जूझते हुए 12 अक्तूबर को पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। विभागाध्यक्ष डा राम मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सकरा प्रखंड के रामपुर भसौन गांव के मूल निवासी थे। वे सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने में रुचि रखते थे। इनके निधन से महाविद्यालय के लिए अपूर्णीय क्षति है। उपरोक्त दोनों ही सेवानिवृत एवं वर्तमान व्याख्याता के निधन से मर्माहत कॉलेज परिवार सहित समाज के लोगों ने संवेदना जाहिर की है।

## एसएसबी 65 वीं वाहिनी ने छात्र–छात्राओं व शिक्षकों के साथ किया सामूहिक वृक्षारोपण



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा।** एसएसबी 65 वीं वाहिनीं के बल बगहा द्वारा वाहिनी कमांडेंट श्री नंदन सिंह मेहरा के मार्गदर्शन पर मंगलवार को सनराइज विद्यालय बगहा में विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं 65 वाहिनी के बल कार्मिकों के साथ सयुंक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ कार्यक्रम के अंतर्गत सनराइज विद्यालय बगहा के परिसर में वृहद स्तर पर सामूहिक वृक्षारोपण किया गया तथा विद्यालय के 1895 छात्र, छात्राओं एवं शिक्षक गण को एक पेड़ मां के नाम पर लगाने हेतु एक–एक पौधा वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश कुमार पटेल, श्री रुपेश कुमार सिंह विद्यालय प्रबंधक, उप–निरीक्षक आलो कवि अलोहे 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, शिक्षक गण, विद्यार्थी एवं सशस्त्र सीमा बल के बल कर्मी मौजूद रहे।

## निर्णय के ढाई माह बाद भी पगार ऐप व बायोमेट्रिक हाजिरी के आधार पर नहीं मिल रही निगम कर्मियों को सैलरी:गरिमा विभागीय निर्देश पर सशक्त समिति के निर्णय के बाद डेमो के उपरांत हुआ था निर्णय,

लोकतंत्र की आवाज



क्षितिज राज

**बेतिया।** अपने स्मार्ट फोन में पगार ऐप डाउनलोड कर के प्रत्येक सफाई कर्मियों की फेस की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही दर्ज करेंगे सभी वार्ड जमादार एवं प्रवेक्षक,महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि निर्णय के ढाई माह बाद भी पगार ऐप व बायोमेट्रिक हाजिरी के आधार पर निगम कर्मियों को सैलरी का भुगतान नहीं मिल रहा है। इस बीच नगर निगम क्षेत्र के चार वार्डों 02, 22, 29 एवं 40 की सफाई व्यवस्था में अवैध रूप से भुगतान के मामले में नगर विकास एवम आवास विभाग से जाँच का आदेश प्राप्त हुआ है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि अब पगार ऐप के माध्यम से ही फेस की बायोमेट्रिक हाजिरी पर ही नगर निगम कर्मियों को सैलरी देने के निर्णय को ढाई माह बाद भी लागू नहीं होने पर उनके द्वारा नगर आयुक्त शंभू कुमार को पत्र लिख कर निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था की स्थलीय जांच और अवलोकन में भी बड़े पैमाने पर धांधली पाई गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि विभागीय आदेश और निर्णय के आधार पर नगर निगम के कार्यालय कर्मियों को भी बायोमेट्रिक मशीन में आधार नंबर के साथ अपलोड बायोमेट्रिक पहचान के आधार पर हाजिरी लगाना अनिवार्य करना आवश्यक है। जबकि विभिन्न वार्डों में कार्यरत सफाई और अन्य कर्मियों को बायोमेट्रिक पहचान पर आधारित हाजिरी वार्ड जमादार के स्मार्ट फोन पर अपलोड पगार ऐप के माध्यम से हाजिरी लगाने और उसी आधार पर भुगतान की व्यवस्था को अब अनिवार्य कर दिया गया है। महापौर ने बताया कि विभाग स्तर से जारी पगार बुक ऐप बिल्कुल आसान ऐप है। ये खास निगम के कर्मचारियों का अटेंडेंस, सैलरी, एडवांस पेमेंट, किया गया काम , इन सभी चीजों का हिसाब बहुत ही आसानी से मैनेज करता है। इसके आधार पर निगम कर्मचारी का पूरा हिसाब–किताब आसानी से रखा जा सकता है। ये तरीका आपके ट्रेडिशनल रजिस्टर और पुराने कठिन तरीकों से बनाए गए अटेंडेंस रजिस्टर, स्टॉफ रजिस्टर, वर्क रजिस्टर, खाता बुक, इन सब का एक बेहतरीन विकल्प है। अब निगम को अपने कर्मचारियों के लिए अलग से बहीखाता बनाने की जरूरत नहीं होगी। इस एडवांस सिस्टम से निगम अपने कर्मियों का पेमेंट, डेली बेसिस पर किए गए कार्य, कार्यावधि, मंथली किए गए कार्य, सभी चीजों का रिकॉर्ड आसानी से अपनी उंगलियों पर रख सकेगा।

## मोतिहारी के जिलाधिकारी सौरव जोरवाल समेत बिहार के 22 आईएएस अधिकारी ट्रेंनिंग के लिए लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी जाएंगे

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत



**मोतिहारी।** इनकी यह ट्रेनिंग 2 दिसंबर से 27 दिसम्बर तक मसूरी में होगी।मसूरी जाने वाले अधिकारियों की सूची निम्न है।1.अनिल कुमार झा,ईख आयुक्त, गन्ना उद्योग विभाग2.अमित कुमार पांडेय,खगड़िया जिलाधिकारी,3.रोशन कुशवाहा ,समस्तीपुर जिलाधिकारी,4.आदित्य प्रकाश अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग, 5.यशपाल मीणा वैशाली जिला अधिकारी 6.सौरव जोरवाल,पूर्वी चंपारण जिला, पदाधिकारी, 7.प्रशांत कुमार, सी.एच गोपालगंज जिला पदाधिकारी 8.सुहर्ष भगत ,अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, 9.अमन समीर,सारण जिला पदाधिकारी,10.सावन कुमार कैमूर जिला पदाधिकारी, 11.सज्जन आर.,शिक्षा विभाग के अपर सचिव,12.मनेश कुमार मीणा,कटिहार जिला पदाधिकारी,13.तुषार सिंगला ,बेगूसराय जिला पदाधिकारी,14.रवि प्रकाश ,उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव,15.वर्षा सिंह,नगर एवं आवास विभाग की संयुक्त सचिव,16.मुकुल कुमार गुप्ता ,सिवान जिला पदाधिकारी,17.रिची पांडेय ,सीतामढ़ी जिला पदाधिकारी,18.अंशुल कुमार ,बांका जिला पदाधिकारी 19.वैभव चौध ।

## बगहा:एक दिवसीय सक्रिय सदस्यता कार्यशाला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**बगहा।** भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय सक्रिय सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन जिला सदस्यता प्रभारी हृदया दुबे ने किया। वही कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सह प्रदेश से नियुक्त मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री जगरनाथ ठाकुर जी की उपस्थिति रही। कार्यशाला में बगहा विधायक राम सिंह ,रामनगर विधायक पदमश्री भागीरथी देवी,जिला प्रभारी जनार्दन शर्मा योगी,सूरज प्रसाद सिंह ,सतीश वर्मा,जिला उपाध्यक्ष ऋतु जायसवाल,वीरेंद्र तिवारी,नंदकिशोर राम,सुरेश गुप्ता,चंद्रभूषण सिंह,जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया ,अचिंत्य कुमार लल्ला,पंकज झुनझुनवाला,कार्यालय मंत्री अमित पांडेय,उषा देवी,ओम निधि वत्स,बिजया सिंह,सुजीत सिंह,जितेंद्र प्रसाद,प्रमोद राम,जय प्रकाश गुप्ता,नागेंद्र सहनी, शैलेश दुबे व संदीप तिवारी के साथ साथ जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश भर में प्राथमिक सदस्यता अभियान विगत 2 सितंबर 24 से चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब दिनांक 16 अक्टूबर 24 से दिनांक 31 अक्टूबर 24 के बीच में प्राथमिक सदस्य बने कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाने का कार्यक्रम चलेगा। इसी निमित कल बगहा भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश से नियुक्त प्रदेश महामंत्री जगरनाथ ठाकुर जी ने अपने ओजस्वी संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन व दिशानिर्देश दिए की कैसे सक्रिय सदस्य बनाया जाय। इसी कड़ी में अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने संबोधन में बताया कि सदस्यता को और तेज गति दिया जाय ताकि छूटे हुए लोग भी भारतीय जनता पार्टी से जुड़ सकें।

## बेतिया राज कि भवानी मंडप में स्थापित माता के मूर्ति का हुआ विसर्जन।

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज



**बेतिया ।** ऐतिहासिक बेतिया राज देवड़ी में नवरात्रि में स्थापित मां भवानी की प्रतिमा का विसर्जन बड़े ही धूमधाम के साथ मंगलवार को सागर पोखरा में कर दिया गया है जहां हिंदू धर्म में मंगलवार को मूर्ति विसर्जन निषेध है परंतु बेतिया राज की परंपरा में तेरस को मूर्ति विसर्जन किया जाता है चाहे वह कोई भी दिन क्यों ना हो यह परंपरा बेतिया में पूर्व से ही चली आ रही है उक्त मौके पर आचार्य उमेश त्रिपाठी, बेतिया राज के राजगुरु प्रमोद व्यास, बेतिया राज व्यवस्थापक अनिल कुमार सिन्हा, डॉ श्याम चंद्रगुप्त समेत बेतिया राज के सभी कर्मचारी मौजूद रेरे बताते चले कि बेतिया राज के अतिम शासक महाराज स्वर्गीय हरेंद्र किशोर सिंह भगवान शिव और आदि शक्ति मां के परम भक्त थे और अपने शासन काल में उन्होंने बाबा भोलेनाथ एवं माता के कई मंदिर निर्माण कराया।

## केंद्र सरकार की प्रसाद योजना से जुड़कर विकसित होगा मदनपुर देवी स्थान

लोकतंत्र की आवाज



**बगहा।** वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के वन प्रमंडल दो अंतर्गत घने जंगलों के बीच स्थित सिद्धिदात्री मां मदनपुर देवी स्थान के दिन अब बहुरने वाले हैं। वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार के द्वारा मंदिर के विकास व भक्तों के सुविधाजनक व्यवस्था के लिए प्रतिक्षित प्रसाद योजना के क्रियान्वयन हेतु पहल की गई है। बताते चलें कि वर्ष 2022 में बगहा के तत्कालीन एसडीएम दीपक मिश्रा ने मदनपुर देवी स्थान की महिमा व मां के भक्तों की श्रद्धा को देखते हुए मदनपुर देवी स्थान को भारत सरकार के प्रसाद योजना से जोड़ने की पहल की थी। जिससे स्थानीय लोगों सहित दूर–दराज से आने वाले भक्तों को उम्मीद जगी थी। किंतु उनके तबादले के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।मगर स्थानीय जदयू कार्यकर्ताओ से प्राप्त जानकारी के पश्चात लोकसभा सांसद सुनील कुमार ने अंचल से लेकर जिला मुख्यालय तक संबंधित अधिकारियों से संपर्क साधकर प्रसाद योजना के क्रियान्वयन हेतु पहल शुरु करवाया। सांसद के इस प्रयास पर लोगों ने खुशी जाहिर की है। जदयू नेता राकेश सिंह ने बताया कि वीटीआर का क्षेत्र होने के कारण भू चिन्हित करने में परेशानी हुई थी। अंचल अमीन के साथ आसपास के कई जगहों पर तलाश की गई और अंततः देवी स्थान से करीब दो किलोमीटर के दायरे में जमीन चिन्हित की गई है। बगहा दो अंचल द्वारा चयनित भूमी सहित अन्य ब्यौरा जिला प्रशासन को भेजा गया है। मंदिर के विकास हेतु लगातार प्रयासरत स्थानीय समाजसेवी चंद्रशेखर भारती ने बताया कि मदनपुर देवी स्थान के प्रसाद योजना से जुड़ने के बाद मंदिर का विकास होगा तथा वीटीआर प्रशासन भी सहयोगात्मक भुमिका अदा करेगा। मदनपुर की देवी मां कि महिमा दुर दुर तक फैली हुई है। भक्तों की बढती भीड को देखते हुए मंदिर परिसर को और विकसित करने की जरूरत है। बताते चले कि प्रत्येक वर्ष लाखों भक्त यूपी,बिहार व नेपाल सेमदनपुर देवी स्थान पर आकर शीश नवाते हैं। ऐसी मान्यता है कि जंगल में मौजूद देवी मां अपने भक्तों के सच्चे मन से मांगी हर मन्नत को पूरी करती हैं। वैसे तो मां के दरबार मे प्रतिदिन भक्त आते हैं। लेकिन नवरात्र में इसका महत्व और बढ़ जाता है। शारदीय नवरात्र में मां की विशेष पूजा होती है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केसरिया में अवैध नर्सिंग होम पर औषधि निरीक्षक ने की छापेमारी



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। ज़िले के केसरिया में एक नर्सिंग होम में हुई छापेमारी। नर्सिंग होम में अवैध रूप से संचालित हो रहा था दवा दुकान लाखों रुपए का दवा औषधि निरीक्षक की टीम ने किया जप्त। गणेश कुमार नर्सिंग होम में संचालित दवा दुकान में किया गया छापेमारी।औषधि निरीक्षक दयानंद प्रसाद के नेतृत्व में हुई छापेमारी।इसको लेकर अवैध दवा दुकानदारों में मचा हड़कंप।

### पीरपैंती:शिक्षक की पिटाई से छात्र घायल।



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती।पीरपैंती प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पसाईचक के शिक्षक दिलीप पंडित ने होमवर्क नहीं पूरा करने के कारण एक छात्रा को पीट कर जख्मी कर दिया। जनन प्रतिनिधि और अभिभावक विद्यालय पहुंचे। पहुंचने पर शिक्षक ने अपनी गलती मान ली। शिक्षक दिलीप पंडित ने बताया कि छात्रों में होमवर्क पूरा करने के लिए भय पैदा करना जरूरी है ,जिसका इतना बड़ा रिएक्शन हो जाएगा ,यह हमको मालूम नहीं था ।शिक्षक दिलीप पंडित ने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी ।ग्रामीण प्रतिनिधि ने बी ई ओ को आवेदन देकर शिक्षक को स्थानांतरित करने की मांग की। शिक्षक को गलती मानने पर ग्रामीण शिक्षकों को एक और मौका दिया।

### शिक्षा विद ने भगवान श्री राम से देश की खुशीहाली के लिए कि प्रार्थना

गया।गया और भारत के खुशिहाली और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के लिए शिक्षाविद श्रवण शाणिडल्य ने अपने पुरे परिवार के साथ देश की शिक्षा मे सुधार के साथ दोनो महान व्यक्ति के लिए भगवान प्रभु श्रीराम से प्रार्थना किए इसके साथ ही गया शहर और मगध प्रमंडल के लोग के लिए भगवान श्री राम एवं हनुमान गढ़ी जाकर अयोध्या जाकर प्रार्थना की है

### बालू लदे ट्रैक्टर जप्त, चालक फरार, प्राथमिक दर्ज



राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थानाक्षेत्र के हरदिया सेक्टर ए से बालू लदी एक ट्रैक्टर को सोमवार की देर रात पीएसआई रौशन कुमार पुलिस बलों के साथ छापेमारी कर बालू लदे ट्रैक्टर जप्त कर थाना लाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हरदिया के धनारजय नदी में बालू का अवैध खनन की जा रही है। सूचना के आलोक में एसआई रौशन कुमार को पुलिस बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर भेजा गया।जैसे ही बालू लदी ट्रैक्टर चालक की नजर पुलिस वाहन पर पड़ी वैसे ही ट्रैक्टर लेकर भागने लगा जिसके बाद उक्त बालू लदी ट्रैक्टर का पीछा कर जप्त किया गया।अपने आप को पुलिस से घिरता देख ट्रैक्टर चालक बालू लदी ट्रैक्टर को छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। वही उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया है। ट्रैक्टर के नंबर के आधार पर ट्रैक्टर चालक सह मालिक के बारे में पता लगाया जा रहा है।प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की जा रही है।

# भाजपा सदस्यता अभियान 2024 को बड़ी कामयाबी : डॉ0 शैलेश कुमार

**परिश्रम के बिना कभी भी किसी मनुष्य का कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता**



लोकतंत्र की आवाज

**आर्यन मोहन**
**नवादा ।** भाजपा देशव्यापी सदस्?यता अभियान–2024 के अंतर्गत भाजपा नेता डॉ० शैलेश कुमार के द्वारा बताया गया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किसान, मजदूर, व्यापारियों, महिलाओं तथा विद्यार्थियों के उत्थान के लिए अनेक क्षेत्रों में सराहनीय कार्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन सभी योजनाओं के बारे में विशेष जानकारियां सभी लोगों के बीच दे रहे हैं डॉ० शैलेश कुमार भाजपा नेता के अथक प्रयास और परिश्रम से यह कहावत सिद्ध होता है कि परिश्रम के बिना कभी भी किसी मनुष्य का कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता परिश्रम करने वाले के सामने बड़ी से बड़ी मुसीबतें नतमस्तक हो जाते है और मनुष्य को एक दिन सफलता अवश्य मिल जाती है, तथा मनुष्य कर्म करके यह सत्य है कि अपना भाग्य खुद बदल सकता है जो कर्मशील और परिश्रमी होता है, केवल वही अपने जीवन में आने वाली बाधाओं और कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर सकता है और मंजिल को छू सकता है। आज यह उदाहरण डॉ० शैलेश कुमार भाजपा नेता के दृढ़ संकल्प एवं कठिन परिश्रम से देखने को मिल रहा है इन्होने कई दिनो से भाजपा सदस्यता अभियान–2024 के लिए सदस्ययता ग्रहण कराने के लिए रजौली विधानसभा, गोविन्दपुर विधानसभा, नवादा विधानसभा, के साथ साथ हिसुआ विधानसभा के प्रखण्ड हिसुआ के ग्राम पचाढ़ा, धुरिहार, अरियन, खानपुर, हिसुआ बाजार, मनमाँ बलियारी, सकरा, गोनर बिगहा, इत्यादि गाँवों तथा अकबरपुर प्रखंड के मोहनार, कलौरा, सकरपुरा, अकबरपुर बाजार, जफरा, फतेहपुर बाजार, डेरवाँ आदि गावों तथा नरहट प्रखण्ड के ग्राम चातर, बभनौर, नरहट बाजार आदि गांवों का भ्रमण करके भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहे है। और डॉ० कुमार द्वारा बताया गया कि इस सदस्यता अभियान में सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने दर्जनों गांवों में चलाया सदस्यता अभियान।



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को रजौली प्रखंडक्षेत्र के दर्जनों गाँव मे मंडल अध्यक्ष गौरव शाण्डिल्य गगन के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया।इस संबंध में मंडल अध्यक्ष गौरव शाण्डिल्य गगन ने बताया कि 2 सितंबर से लगातार भाजपा के दर्जनों कार्यक्त्ताओं के द्वारा प्रखंडक्षेत्र के विभिन्न गाँव और कस्बों में जाकर भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी द्वारा किये गए कार्यो के बारे में बताकर भाजपा के सदस्य बना रहे हैं।इसी कड़ी में मंगलवार को जिला प्रभारी राजेश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री विजय पांडेय के उपस्थिति में प्रखंडक्षेत्र के रजौली, धमनी, दरियापुर, गाँव और बूथ पर जाकर दर्जनों लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी राजेश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री विजय पांडेय ने सदस्यता अभियान के दौरान उपस्थित आम अवाम से कहा कि देश के प्रधानमंत्री का कार्यकाल गरीबों और शोषितों के उत्थान के लिए शानदार रहा है।यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कई जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया गया है।जिसका सीधा लाभ गरीबों को मिला है। अभियान के मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला प्रवक्ता प्रमोद चंद्रवंशी, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य विमल राजवंशी।मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, रजौली सदस्यता प्रभारी अमन कुमार, सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## भागलपुर जिला जूनियर बालक बॉल बैडमिंटन टीम घोषित



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर,,,,,**बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में चित्रांश खेल एवं सांस्कृतिक मंच व मुजफ्फरपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा बैधनाथ प्रसाद मेमोरियल 31वीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप ( बालक एवं बालिका ) का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर तक बीपी इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल, मिठनपुरा, मुजफ्फरपुर में हो रहा है।भागलपुर जिला जूनियर बॉल बैडमिंटन बालक टीम की घोषणा कर दी गयी है। टीम की घोषणा करते हुए भागलपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव ब्रजेश कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए राजकुमार यादव, नंदकिशोर, प्रीति कुमारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। जिला सचिव ब्रजेश कुमार के अनुसार घोषित टीम इस प्रकार है :–बालक वर्ग – अभिषेक भारती, शिवम कुमार ( कप्तान ) शांतनु कुमार ( उपकप्तान ) सूरज कुमार कुमार, सचिन कुमार, भावेश कुमार। टीम मैनेजर–अभिषेक कुमार, प्रशिक्षक–राजीव कुमार ।

## गायघाट:अनुश्रवण समिति की बैठक में सदस्यों ने पंचायतों को पूरी तरह बाढ़ग्रस्त घोषित करने की मांग रखी अधिकारी ने कहा फिर से जांच कमिटी बनाकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का रिपोट करेंगे



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**
**गायघाट।** प्रखंड के जनप्रतिनिधि भवन में सोमवार को हुई अनुश्रवण समिति की बैठक हंगामेदार रही। प्रमुख श्रवण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई बैठक में सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और मुखिया एक सुर में प्रखंड की सभी बाढ़ प्रभावित पंचायत को पूर्णतः बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने को लेकर हंगामा करने लगे। प्रमुख ने हंगामा कर रहे सदस्यों को बारी–बारी से अपनी बात रखने को कहा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ मजाक कर रही है। उन्होंने अपने पंचायत का हवाला देते हुए कहा कि चार पंचायत पूर्ण रूप से बाढ़ से प्रभावित है।फिर भी आशिंक रूप से सीओ शिवांगी पाठक ने मनमानी की। जांच रिपोर्ट में मनमानी किया है। अंचल कार्यालय को पंचायत में बाढ़ नही दिखाई दे रहा है। फिर भी पंचायत को आंशिक रूप से बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया। वहीं, पंसस शशांक शेखर चौहान ने कहा कि बागमती नदी से सटा पंचायत होने के कारण बाढ़ के पानी से धान की फसल को व्यापक क्षति हुई है। लोग अपने परिवार और मवेशी को लेकर उंचे जगहों पर शरण लिए हुए थे। विधायक निरंजन राय ने कहा कि पंचायत में बाढ़ का जायजा लिया था।हमने भी देखा बाढ़ पीड़ितों को काफ़ी भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गया है। व्यापक क्षति हुई है। उन्होंने सीओ को कहा था कि पंचायत को पूर्णतः बाढ़ प्रभावित कर रिपोर्ट करें। गायघाट प्रखंड में 7 पंचायत पूर्ण रूप से बाढ़ से प्रभावित हैं और अंचल अधिकारी गायघाट ने आंशिक कर कुछ वार्ड में बिना जनप्रतिनिधि को बताएं हुए राशि लाभुक के खाते में भेज दी है। जिससे पंचायत में आरजकता का माहौल बना हुआ है। माले के जितेन्द्र यादव ने कहा कि बाढ़ को लेकर जो यह बैठक बुलाई गई है, वह सिर्फ एक खानापूर्ति है। उन्होंने कहा कि बैठक में बाढ़ को लेकर समग्र रिपोर्ट पेश की जानी चाहिए थी, जो नहीं रखी गई। यह बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय है। कहा कि सरकार और प्रशासन बाढ़ पीड़ितों के प्रति बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं है। सरकार बाढ़ पीड़ितों के प्रति सरकार बिल्कुल गंभीर नहीं है। सभी लोगों ने कहा कि जिन पंचयातों को आंशिक बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया है, उसे पूर्ण बाढ़ प्रभावित घोषित करें। सभी पंचायतों में बाढ़ से हुई फसल क्षति का मुआवजा देने की बात कही। बैठक में बीडीओ संजय कुमार राय, सीओ शिवांगी पाठक आदि थे।

## मगध विश्वविद्यालय अन्तर विश्वविद्यालय की चांसलर ट्रॉफी कब्बडी पुरुष एवं महिला टीम पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के लिए हुई रवाना '




लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** मगध विश्वविद्यालय अन्तर विश्वविद्यालय की चांसलर ट्रॉफी कब्बडी पुरुष एवं महिला टीम पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के लिए हुई रवाना किया है ' राजभवन, बिहार आयोजित चांसलर ट्रॉफी अन्तर विश्वविद्यालय जो 15.10.24. से 19.10.24 तक आयोजित होगी जिसमें बिहार के सभी विश्विद्यालय इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे है ।प्रधानाचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि ₹चांसलर कब्बडी ट्रॉफी बिहार के युवाओं को खेल अपनाने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करे। राज्यपाल, आपका नेतृत्व और समर्थन, राज्य में खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने में सहायक है।₹ और सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं है।वही खेल कूद निदेशक डॉ ब्रजेश राय ने कहा कि अपने विश्विद्यालय का मान बढ़ना है और विकास की और अग्रसर करना है।
टीम मैनेजर अजनी कुमार के नेतृत्व में टीम को विजय प्राप्त हो इसकी शुभकामनाएं दीं है 'इस अवसर पर खेल कूद प्रभारी मगध विश्वविद्यालय डॉ सुदर्शन राय आदि सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने जीत की अग्रिम बधाई दी है।खिलाड़ी इस प्रकार हैं। महिला स्वीटी राज, मुस्कान, किरण, नूर, सलोनी साहू, प्रियंका, ललिता, जुही, बबली, शिल्पा, कविता है।वही पुरुष खिलाड़ी दीपक, सौरभ, अति कुल रहमान, नवनीत, लक्ष्य, रॉबिन, मनीष, सौरभ राज, अक्षय, कपिल, सौरभ आदि ' कोच अजित रोहित, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे ।

## डीजे पर अश्लील गाना बजाने का विरोध करने पर दो सगे भाइयों के साथ नशे में धुत युवकों ने किया मारपीट, घायल



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थानाक्षेत्र के महसई गांव में सोमवार की रात बर्थडे मनाने के दौरान डीजे पर अश्लील गाना बजाया जा रहा था। इसके बाद पड़ोसी ने अश्लील गाना बजाने से मना करने गए तो नशे में धुत युवकों ने दो सगे भाइयों के साथ जमकर मारपीट कर दी। जिसमें दोनों भाई बुरी तरह से घायल हो गए। जिसका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। रजौली थाने को दिए आवेदन में पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार की रात महसई निवासी मिंटू कुमार का बर्थडे था मिंटू कुमार अपने साथियों के साथ बर्थडे मना रहा था।और डीजे पर अश्लील गाना बजा रहा था। इस दौरान मेरे बड़े भाई अशोक प्रसाद डीजे पर अश्लील गाना बजाने से मना करने गए तो मिंटू कुमार अपने साथी विकास कुमार उर्फ छोटू, संतोष कुमार उर्फ गोलू, अनुज कुमार और अपने अन्य साथियों को बुलाकर मेरे भाई के साथ जमकर मारपीट कर दी। जब मैं अपना दुकान बंद कर घर आया तो देखा कि मेरे भाई के साथ मारपीट की गई है। जानकारी के बाद मैं उनलोगों से पूछने गया तो फिर से सभी युवकों ने लाठी डंडा से लैश होकर मेरा घर आया और घर के खिड़की को तोड़ दिया साथ ही फिर से मेरे भाई के साथ मारपीट करते हुए। मेरे साथ भी मारपीट की जिसमें मेरा कान फट गया और मारपीट के दौरान मेरे भाई का सर फट गया। जिसके बाद दोनों भाइयों ने मंगलवार की सुबह रजौली थाने को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। साथ ही दोषी युवकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाई की बात की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि मारपीट करने वालो पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री छगन भुजबल साहेब को 77 वी जन्मदिन के शुभ अवसर पर माली मालाकार समाज के लोगों ने दी बधाई:अजय मालाकार।



लोक तन्त्र की आवाज़

**राजा पाकर ।** अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री छगन भुजबल साहेब वर्तमान( कैबिनेट मंत्री )महाराष्ट्र सरकार को 77 वी जन्मदिवस के मौके पर बिहार प्रदेश माली मालाकार कल्याण समिति संगठन के तमाम पदाधिकारी ने उनके जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया, ढेर सारी बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी । बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय मालाकार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सदा स्वस्थ जीवन व लंबी उम्र की कामना की। मौके पर जन्मदिन की बधाई देने में वैशाली जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार भक्त, अजय मालाकार, अनिल भक्ता, डॉ शत्रुघन भगत, गौतम भगत, प्रशांत कुमार, अशोक भगत, सुधीर भगत, सुनील मालाकार, राजकुमार भगत, मनोज दिवाकर, जितेंद्र मालाकार, गणेश भगत, लखींद्र भगत, वीरेंद्र भगत, अरविंद कुमार भगत, रामप्रवेश भगत, रामबाबू भगत, संजीव कुमार भगत, दीपक मालाकार सहित अनेको माली समाज के लोगों ने अनंत शुभकामनाएं दी है।

## शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया एवं बी आई टी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस गया के बीच एमओयू हस्ताक्षरित



लोकतंत्र की आवाज़

**गया ।** शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया एवं बी आईं टी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के बीच आज एक साझा करार पर हस्ताक्षर किया गया जिसके तहत भविष्य में दोनों संस्थान एक दूसरे के सहयोग एवं संयुक्त तत्वावधान में कई शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चन्द्र ने दोनों संस्थानो को शुभकामनाएं दी।बी० आई० टी० ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष इंजीनियर अवधेश कुमार ने कहा कि आज का दिन बी० आई० टी० ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के लिए ऐतिहासिक दिवस है। शिक्षा शास्त्र विभाग गया कॉलेज गया जो की बिहार के अग्रणी संस्थानों में से एक है उनके साथ हमने एक शैक्षिक साझा करार पर दस्तखत किया है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में भविष्य में भी कई शैक्षणिक गतिविधियों का आदान–प्रदान दोनों संस्थाओं के बीच परस्पर सहयोग से संभव हो सकेगा। विभागअध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि परस्पर शैक्षिक सहयोग को बढ़ाने की ओर यह करार मिल का पत्थर साबित होगा. आज का दौर वैश्वीकरण का दौर है एक संस्थान को निश्चित रूप से दूसरे संस्थान के साथ मिलकर शैक्षिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों को आपस में साझा करते हुए एक वैश्विक परिदृश्य का निर्माण करना है. भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम एवं यूथ स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन मुख्य रूप से दोनों संस्थाओं के बीच किया जाएगा इसके अलावा दोनों संस्थान के विद्यार्थी एक दूसरे संस्थानों का शैक्षिक भ्रमण भी कर सकेंगे.डॉ धीरज ने कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन तथा गया जिला में कार्यरत सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर कार्यशाला का आयोजन तथा शिक्षकों में क्षमता संवर्धन से संबंधित भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ऐसे साझा करार का लाभ दोनों संस्थाओं के शिक्षक एवं विद्यार्थियों को निश्चित रूप से आने वाले दिनों में प्राप्त होगा. मौके पर टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रविंद्र कुमार भाभा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन के प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार हरेंद्र कुमार शिक्षा शास्त्र विभाग गया कॉलेज गया की ओर से डॉक्टर आर एन प्रियदर्शनी डॉक्टर सदरे आलम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सहरसाः कलश यात्रा निकालकर दुर्लभ सत्संग का किया गया शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज

कहरा सहरसा संवाददाता।। प्रखंड क्षेत्र के अमरपुर पंचायत के पांच टोला वार्ड नंबर 12 में 9 दिवसीय श्री श्री 108 श्री राम कथा एवं दुर्लभ सत्संग का शुरुआत सोमवार को की गई इसको लेकर 425 कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा हरिपुर, अमरपुर, भगवानपुर, बिशनपुर खड़गपुर, सोनवर्षा कचहरी सहित अन्य जगहों से होते हुए आयोजन स्थल पांचू टोला बजरंगबली मंदिर में पहुंचकर कलश स्थापित किया गाया कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लिया। आयोजन करता वीरेंद्र शाह के द्वारा बताया गया कि नो दिवसीय इस दुर्लभ सत्संग में विभिन्न जगहों से संत महात्मा पहुंचेंगे और लोगों को सच्चाई के कर्तव्य पथ पर चलने के लिए जागरूक करेंगे मौके पर शशिकांत मनी, मिथिलेश कुमार, विद्यानंद कुमार साह, रूपेश कुमार, राजू कुमार, भीम शंकर शाह, रमेश कुमार सहित अन्य दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### प्रधानाचार्य डा. घनश्याम राय का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



लोक तन्त्र की आवाज़

रोसड़ा। उदयनाचार्य रोसड़ा कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय का जन्मदिन 15 अक्टूबर (मंगलवार) को प्रधानाचार्य कक्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रिंसिपल कक्ष में आयोजित इस समारोह में कॉलेज के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम, सभी ने मिलकर ₹हैप्पी बर्थडे टू यू₹ गाते हुए डा. राय को बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने उनके प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन की कामना की। डा. राय ने अपने कर्मचारियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका समर्थन हमेशा प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों को कॉलेज के सामूहिकता और आपसी स्नेह का प्रतीक बताया।समारोह के अंत में सभी के साथ प्रिंसिपल ने केक काटा और मिलकर जश्न मनाया। यह आयोजन न केवल डा. राय के जन्मदिन का उत्सव था, बल्कि कॉलेज परिवार के एकजुटता और स्नेह का भी परिचायक था। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक क्रमशः डॉ विनय कुमार, डॉ अमरेश कुमार, डॉ रोहित कुमार, डॉ सौरभ कुमार झा, डॉ अनुराग कुमार, डॉ प्रिंस विवेक, डॉ जाकिर हुसैन, डॉ अमन आबैद, डॉ सतीश कुमार, डॉ शशि शेखर, डॉ संतोष कुमार शिक्षकेतर कर्मचारी क्रमशः हेम कांत ठाकुर, सुमन पासवान, ललित मंडल,बालबोध चौधरी, सुनील,सुजीत,जीतू, अंकित आदि ने प्रधानाचार्य को दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं व्यक्त की।

### मध्य विद्यालय सुरीगांव में विश्व हाथ सफाई दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



लोक तन्त्र की आवाज़

बायसी। मंगलवार दिनांक 15.10.24 को विश्व हाथ सफाई दिवस पर मध्य विद्यालय सुरीगांव में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें वर्ग 6 से 8 के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों ने एक से बढ़कर एक चित्र बनाकर अपनी प्रस्तुति दी। विजेताओं में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले का चयन करना था।टीम यूनिसेफ सहित केशव सर एवं विद्यालय के शिक्षकों ने मिलकर तीन बेहतरीन कलाकृति का चयन किया। चित्र जो सही रूप में अपने मानक पर खड़े उतर रहे थे। हाथ सफाई कैसे करें,हाथ सफाई किससे करें तथा हाथ सफाई के लाभ आदि वर्णित चित्र सही मायने में समाज को जागरूक करने वाले थे। चयनित प्रतिभागियों में कृष्णा कुमार प्रथम आयुषी कुमारी ने द्वितीय तथा रेणु कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत शिक्षिका मनु कुमारी द्वारा पुरस्कृत किया गया जो जिला टीम के तरफ से दिया गया था। इसके अतिरिक्त बच्चों ने हाथ सफाई पर नाटक कला की भी प्रस्तुति दी। अंत में (मीना मंच) के साथ कुछ बच्चियों ने हाथ सफाई के छः स्टेप क्रमिक रूप से प्रदर्शित कर बच्चों को दिखाया तथा इनके लाभ के बारे में बच्चों को बताया।सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला से अपनी टीम के साथ आए आदरणीय केशव सर कर रहे थे और संचालन मध्य विद्यालय सुरीगांव के रितेश कुमार के साथ शिक्षिका मनु कुमारी,नुजहत प्रवीण, प्रधानाध्यापक जहांगीर आलम थे।

# डॉ.कलाम की जयंती पर पिता-पुत्री को किया गया सम्मानित

**भारत मां के सच्चे सपूत थे डॉ. कलाम : नरेन्द्र नारायण यादव**



लोक तन्त्र की आवाज़

**मधेपुरा।** डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम भारत माता के सच्चे सपूत थे।उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारत राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया। हमें उनके विचारों एवं कार्यों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए देश-समाज के लिए कार्य करने की जरूरत है। यह बात बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नरेन्द्र नारायण यादव ने कही।

वे मंगलवार को ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की 94वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन टी. एन. बी. ट्रस्ट, मधेपुरा के तत्वावधान में किया गया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि साधारण घरों में पैदा होने वाले लोग भी अपने परिश्रम के बल पर बड़े-से-बड़े पदों पर पहुंच सकते हैं। इसलिए हमें कभी भी जीवन में निराश नहीं होना चाहिए और निरंतर ईमानदारी पूर्वक परिश्रम करते रहना चाहिए।

**डॉ.कलाम के मन मे शिक्षक के प्रति असीम आदर रखते थे : डॉ. मधेपुरीः** मुख्य आयोजक सह मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए समाजसेवी-साहित्यकार डॉ. भूपेंद्र नारायण मधेपुरी ने विस्तार से डॉ. कलाम के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कलाम ने रामेश्वरम् के एक साधारण परिवार से राष्ट्रपति भवन तक की यात्रा की। उनकी यह यात्रा शून्य से शिखर की यात्रा है। इस यात्रा में हर कदम पर मानवता एवं संवेदनशीलता मौजूद है। उन्होंने कहा कि डॉ.कलाम के मन मे शिक्षक के प्रति असीम आदर और सम्मान था। वे शिक्षक के पद को विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री यहां तक कि प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति से भी बड़ा मानते थे। यही कारण है कि राष्ट्रपति बनने के बाद भी डॉ .कलाम एक शिक्षक के रूप में कार्य करते रहे और उन्होंने लोगों के बीच व्याख्यान देते हुए ही आखिरी सांस भी लीं। उन्होंने कहा कि कलाम अत्यंत ही संवेदनशील व्यक्ति थे। वे न केवल सभी व्यक्तियों, वरन् पेड़-पौधों तथा संपूर्ण प्रकृति के प्रति प्रेम रखते थे। उन्होंने अपनि संपूर्ण जीवन दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने हेतु समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि उनको कई बार डॉ. कलाम से मिलने और उनके जीवन पर आधारित पुस्तक 'छोटा लक्ष्य एक अपराध है' लिखने का सौभाग्य मिला। इस पुस्तक को डॉ. कलाम के निधनोपरांत झारखंड सरकार ने छठे वर्ग के पाठ्यक्रम में शामिल किया है।

**डॉ. कलाम के सपनों को साकार करें : प्रधानाचार्य :** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि आज कलाम सशरीर हमारे बीच भले ही नहीं है, लेकिन उनके विचार एवं कार्य हमेशा हमारे बीच मौजूद रहेंगे। हम युवाओं के बीच उनके विचारों का प्रचार-प्रसार करें और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें, यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**भारत मां के सच्चे सपूत थे डॉ. कलाम :** कार्यक्रम का संचालन करते हुए दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि डॉ. कलाम भारत मां के सच्चे सपूत थे। हमें उनके जीवन से हमें सादगी एवं देशभक्ति की सीख मिलती है। इस अवसर पर विजेन्द्र नारायण यादव, मो. शौकत अली एवं सुरेश भूषण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सबों ने कलाम को श्रद्धांजलि दी और उनकी जयंती पर सम्मान समारोह के आयोजन को सराहा। इसके पूर्व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने डॉ. कलाम के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों को अंगवस्त्रम् एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।

**पिता-पुत्री को किया गया सम्मानित :** कार्यक्रम के अंत में 'जो करेंगे मधेपुरा को गौरवान्वित डॉ. मधेपुरी करेंगे, उनको सम्मानित' योजना के अंतर्गत पिता-पुत्री को सम्मानित होने का अपूर्व सौभाग्य प्राप्त हुआ। इनमें बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव तथा उनकी सुपुत्री बिहार सरकार में लेबर एनफोर्समेंट ऑफिसर मौसम नारायण के नाम शामिल हैं। मधेपुरा के अजातशत्रु कहलाने वाले श्री यादव ने अपने आलमनगर विधानसभा में लगातार नौ बार जीत दर्ज की। आलमनगर की बेटी मौसम ने बीपीएससी में सफलता प्राप्त कर सबों को गौरवान्वित किया। दोनों की सफलता में योगदान देने वाली नरेंद्र नारायण यादव की धर्मपत्नी एवं मौसम की मां बेबी रानी को सबों ने सराहा। इस अवसर पर डॉ. चंदा कुमारी, नरेश पासवान, कमल दास, ललन राम, रतन सिंह, चंदेश्वरी राम, महेंद्र पटेल, सीताराम पंडित, शिवजी शाह, लाल बहादुर, सुजीत मेहता, सुधांशु रंजन, डॉ. माधव कुमार, राहुल पासवान, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

## 5 लाख के स्मैक के साथ पश्चिम बंगाल का एक कारोबारी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता।** जिला पुलिस को फिर एक बड़ी सफलता मिली है। जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र से स्मैक (हीरोइन) के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार किए गए हैं। जिनसे 51.31 ग्राम स्मैक (हीरोइन) जब्त की गई है। जिसका बाजार मूल्य लगभग 5 लाख से अधिक आंकी जा रही है। पुलिस स्मैक कारोबारी को गिरफ्त में लेकर पूछताछ कर रही है। उनके मोबाइल भी जब्त ई है। जिससे उनके नेटवर्क की तलाश की जा रही है। खास बात यह है कि इस गिरफ्तारी में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले केएक स्मैक कारोबारी गिरफ्तार हुए है।

साथ ही उसके एक स्थानीय मददगार स्मैक कारोबारी भी गिरफ्तार हुए है। जिससे अंदेशा जाहिर किया जा रहा है कि स्थानीय कारोबारी का नेटवर्क बड़ा है। अब पुलिस जांच में स्मैक के गोरखधंधे मैं शामिल अन्य चेहरे भी आ सकते है। जिससे इस धंधे का नेटवर्क शुरुआत में ही खत्म हो सकता है।सोमवार को एसपी हिमांशु के निर्देश पर सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी मुकेश ठाकुर ने सिमरी बख्तियारपुर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर जब्त स्मैक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के मकदमपुर चक के पास कुछ लोग स्मैक के साथ खड़े हैं। उनकी खरीद बिक्री करने वाले हैं। सूचना के बाद पुलिस अवर निरीक्षक सुधीर कुमार और पुलिस बल के साथ छापामारी की गई। पुलिस टीम को देख दो व्यक्ति भागने लगे। जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़ में दोनों व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके पास से 51.31 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक (हीरोइन) बरामद किया गया। जिसको लेकर सिमरी बख्तियारपुर थाना कांड संख्या 467/24 दर्ज की गई है।

पुलिस गिरफ्त में आए कारोबारी में एक पश्चिम बंगाल के मालदा जिला अंतर्गत कालियाचक थाना क्षेत्र के पीतल गांव निवासी स्व कुर्बान अली के पुत्र मो शाहिद आलम और जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भंवरा गांव निवासी कमल किशोर यादव के पुत्र सुरजीत कुमार उर्फ सुमित कुमार थे। जिनकी मोबाइल जब्त कर ली गई है। पश्चिम बंगाल के कारोबारी से पूछताछ की जा रही है।

## सरकारी स्कूल के बगल में देसी शराब बेच रहे कारोबारी को पुलिस ने पकड़ा

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** जिले के बलवा हाट थाना अध्यक्ष के निर्देश पर संध्या गस्ती में निकले पुलिस अधिकारी को मिली सूचना के आधार पर मध्य विद्यालय बलही के निकट दो शराब कारोबारी को गिरफ्त में लिया गया। उनके निशानदेही पर झाड़ी में छिपा कर रखे गए चार लीटर देसी शराब बरामद किया गया।

सहायक पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गस्ती के दौरान थाना अध्यक्ष द्वारा सूचना दी गई कि मध्य विद्यालय बलही गांव के निकट झाड़ी में शराब छिपा कर कुछ लोग उसका कारोबार कर रहे हैं। सूचना पर छापामारी की गई। पुलिस कोदेख एक व्यक्ति भागने लगे। जिसे पकड़ा गया। पकड़ में आए व्यक्ति थाना क्षेत्र के बलही गांव, वार्ड नंबर - 2 निवासी घूटर महतो के पुत्र राम प्रवेश कुमार थे। जिनकी निशानदेही पर विद्यालय के बगल में झाड़ी में छिपा कर रखे हुए 4 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार कारोबारी को जेल भेज दिया गया।

## विधायक जयप्रकाश यादव का खजुरी गाँव में प्रिंसिपल प्रो. इंदु यादव से संवाद

**कॉलेज संस्थापक स्वर्गीय तेजनारायण यादव की पुण्य तिथि पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को आमंत्रित करने की चर्चा**

लोक तन्त्र की आवाज़



**भरगामा।** नरपतगंज विधानसभा चुनाव के संदर्भ में विधायक जयप्रकाश यादव ने खजुरी गाँव स्थित एम एल डी पी के यादव कॉलेज अररिया के प्रिंसिपल प्रो. इंदु कुमार सिन्हा के निवास पर पहुंचकर महत्वपूर्ण चर्चा की।

इस अवसर पर विधायक ने प्रो. इंदु यादव के साथ चुनावी मुद्दों, कॉलेज के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के विषय में गुफ्तगू की। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की।

विधायक के आगमन पर प्रिंसिपल प्रो. इंदु यादव ने उन्हें भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में अन्य अतिथियों ने भी भाग लिया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। इस संवाद के माध्यम से विधायक और प्रिंसिपल ने मिलकर आगामी चुनाव में शिक्षा के महत्व को उजागर करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

यादव डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. इंदु यादव और विधायक जयप्रकाश यादव के बीच हुई इस बैठक में कॉलेज के संस्थापक स्मृति शेष तेजनारायण यादव की पुण्य तिथि के अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को आमंत्रित करने पर चर्चा की गई।

प्रिंसिपल प्रो. इंदु यादव ने इस आयोजन की महत्वता को रेखांकित करते हुए कहा कि मंत्री जी का उपस्थित होना कॉलेज और क्षेत्र के लिए एक सम्मान की बात होगी। यह कार्यक्रम तेजनारायण यादव के योगदान को याद करने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण को भी सम्मानित करेगा।

**● प्रधानाचार्य ने अपने आवास पर विधायक एवम आगत अतिथियों का किया भव्य स्वागत**

विधायक जयप्रकाश यादव ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सामुदायिक सहयोग को भी प्रोत्साहन मिलता है। दोनों ने मिलकर इस आयोजन की सफल तैयारी के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

## स्वच्छता पर्यवेक्षक के रूप में सरपंच पति का अवैध रूप से चयन किए जाने से हुआ विवाद उत्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा, सोनवर्षाराज।** स्वच्छता पर्यवेक्षक के रूप में सरपंच पति का अवैध रूप से चयन किए जाने से हुआ विवाद उत्पन्न हो जाने का मामला प्रकाश में आया है । दरअसल प्रखंड क्षेत्र स्थित कोपा पंचायत में संचालित लोहिया स्वच्छता मिशन बिहार योजना के स्वच्छता पर्यवेक्षक के रूप में ग्राम कचहरी के सरपंच पति का अवैध रूप से चयन किए जाने से विवाद उत्पन्न हो गया है।सबसे अजीब बात तो ये है की कोपा के पंचायत सचीव को ये भी पता नहीं है की जिस श्याम कुमार को स्वच्छता पर्यवेक्षक के रूप में चयनित किया गया है वो सचमुच ग्राम कचहरी सरपंच के पति है।

उक्त मामले में कोपा पंचायत स्थित पालरही गांव के मों नाजिम हुसैन ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहरसा को आवेदन देकर स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर चयनित कोपा ग्राम कचहरी सरपंच रूपम देवी के पति श्याम कुमार के चयन को रद्द कर चयनित प्रक्रिया में शामिल मुखिया पिंकी देवी एवं पुर्व पंचायत सचिव गजेन्द्र यादव एवं प्रखंड स्वच्छता समन्वयक अभिषेक कुमार पर कानुनी कारवाई की मांग की है। उपलब्ध आवेदन अनुसार कोपा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी व पूर्व पंचायत सचिव गजेन्द्र यादव एवं प्रखंड स्वच्छता पर्यवेक्षक अभिषेक कुमार ने बिना आमसभा कराए नीजि लाभ को लेकर ग्राम कचहरी की सरपंच रूपम कुमारी के पति श्याम कुमार का चयन कर दिया है। जबकि लोहिया स्वच्छता मिशन बिहार में स्वच्छता पर्यवेक्षक के चयन मार्गदर्शिका अनुलग्नक ₹बी-34₹ में ये स्पष्ट है की स्वच्छता पर्यवेक्षक कोई सार्वजनिक पदधारक,पंचायत प्रतिनिधि या उसका नजदीकी रिश्तेदार नहीं होगा।

बावजूद सरपंच पति को स्वच्छता पर्यवेक्षक पद पर चयनित किया जाना सरासर गलत है। उक्त बाबत पंचायत सचीव नेपाली दास ने कहा की मुझे तो पता नहीं है लेकिन अगर सरपंच पति का स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर चयन किया गया है तो मैं उसके विरूद्ध लिखकर वरीय पदाधिकारी को दे दूंगा। वहीं बीडीओ अरविंद कुमार ने कहा की सरपंच पति का चयन सरासर गलत है,उसे हटाने की शीघ्र अनुशंसा की जाएगी।

## सहरसा के कंदाहा स्थित सूर्य मंदिर में सूर्य नमस्कार समागम कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** जिला के महिषी प्रखंड अंतर्गत कन्दाहा सूर्य मंदिर में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित हुई। अभ्यास कराते हुए योग गुरु सेवक प्रभाकर ने कहा आज के सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में नन्हे योगी सुभद्र मिश्र सभी साधक भक्त जनों को अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग व सूर्य नमस्कार का नियमित अभ्यास करने से हर उम्र के लोगों को लाभ मिलता है। वही बच्चों के शरीर स्वस्थ सुडौल कान्तीमय काया प्राप्त होता है। स्मरण शक्ति बढ़ती है। आलस दूर होता है। श्री प्रभाकर ने कहा जवान व्यक्ति अभ्यास करेंगे तो शरीर निरोग और स्फूर्ति में वृद्धि होती है।

आलस अनिंद्रा, बी पी सुगर कोलाईटिस हार्ट साईटिका, कमर भी ठीक होता है। पचास साल से अधिक उम्र के महिला एवं पुरुष के लिए तो राम वाण है योग। प्रायः बुजुर्गों को कमर का तकलीफ, उठने बैठने में कठिनाई, स्वांस रोग आलस, नाना प्रकार के व्याधि से छुटकारा मिलता है। सूर्य नमस्कार सम्पूर्ण योग माना जाता है। शरीर के सभी अंग में नयी उर्जा मिलती है बिमारी कोसों दूर हो जाता है। आदि काल से कन्दाहा में सूर्य मंदिर है। यहां रविवार को जिले से बाहर दूर दूर से भक्त जन आते हैं। अपनी अपनी मनोकामना लेकर सूर्य देव सभी भक्तों का मनोरथ पूर्ण करते हैं। ग्रामीणों ने कहा अगले बार सामुहिक कार्यक्रम होगा। जिसमें काफी संख्या में लोग भाग लेंगे। सेवक प्रभाकर ने कहा सूर्य देव भगवान भास्कर के आशीर्वाद से चरण पादुका यात्रा साधना स्थल खजुरी से आकर भगवान भास्कर को चरण पादुका चढाया जाएगा। आज के कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोग भाग लिए मंदिर के पुजारी बाबा पंडित गिरजानंद झा, सूर्यनंद झा शिक्षक, पंडा बाबा बाबू कंजा, सत्यम झा, अजीत झा, राम लखन राय, हरी लाल सादा, लालबाबू महतो, मनु महतो, श्रवण सदा, आदर्श झा, कमल राय, खगड़िया चौथम सँ राजेश्वर सिंह, काशी नगरी बनगांव से मृत्यंजय खां, लक्ष्मीनाथ उत्सव बघबा चंदन राय महिषी से बी, एस, एफ, कृष्णकांत पाठक उर्फ नटवर सहित अन्य मौजूद थे।

# पानी से भड़े गढ्ढे में डुबने से एक युवक की हुई मौत

लोकतंत्र की आवाज





**गजेन्द्र कुमार सहरसा**

**सोनवर्षा राज।**- प्रखंड क्षेत्र के बरैठ पंचायत स्थित तरकुलहा गांव वार्ड नं 11 में एक युवक की पानी भड़े गढ्ढे में डुबने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार उक्त गांव निवासी रामचंद्र शार्मा का बड़ा पुत्र सिपु शर्मा (24 वर्षिय)बिते रविवार से ही घर से गायब था। पत्नी व परिजनों ने सोचा मानसिक रूप से विछिन्न है ।कहीं बाहर घूमने गया होगा। लेकिन इसी बीच सोमवार कि मध्य रात्रि लगभग 2 बजे किसी ग्रामीण ने शौच करने सड़क के किनारे गया था जहां पानी से भड़े गढ्ढे में एक शव दिखाई दिया। जिसके बाद पुरे गांव में यह खबर जंगल में लगी आग की तरह फ़ैल गया। घटना कि सुचना मिलते ही लोगों ने वहां पहुंचा तो शव की पहचान सिप्पु शर्मा के रूप में हुई। वहीं घटना की जानकारी बसनही थाना पुलिस को दी गई । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताते चलें कि मृतक सिपु चार भाई था जिसमें वो सबसे बड़ा था। मृतक अपने पिछे माता पिता व पत्नी प्रियंका देवी सहित दो छोटी मासुम बच्ची (6 वर्ष व 4 वर्ष) को छोड़कर दुनिया से चल बसे हैं।

## जिलें में पहली बार होगा डांडिया रास नृत्य का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। मारवाड़ी युवा मंच के तत्वाधान में सहरसा शहर में पहली बार भव्य स्तर पर मंगलवार को डांडिया उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक आदित्य भीमसेरिया ने बताया कि डीबी रोड स्थित रेनबो रिसोर्ट में संध्या पांच बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में शिरकत करने देश के विभिन्न क्षेत्रों से कई कलाकार अपनी-अपनी प्रस्तुति देने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में आगंतुकों के लिए विदेश सेवा जैसे फ्री डांडिया स्टिक्स, गरबा, डीजे अमन द्वारा संगीत, प्रियांजलि दास एंकर, समीर डांस ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुति, अनलिमिटेड हाई टी, डिनर, और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से एंट्री व एग्जिट गेट पर बाउंसर्स महिला व पुरुष दोनो को व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि विशिष्ट अतिथि मारवाड़ी युवा मंच के बिहार प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे।

## विश्व हाथ सफाई दिवस:बीमारियों से बचाव के लिये हाथों की धुलाई प्रति जागरूकता फैलाना उद्देश्य

लोक तन्त्र की आवाज़



**अररिया।** हाथों को साफ रखने की आदत आपको कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। हाथों की ठीक से सफाई नहीं होने पर इसमें मौजूद हजारों बैक्टिरिया आंख, कान, नाक, मूंह सहित अन्य माध्यमों से हमारे शरीर में दाखिल हो जाता है। जो बाद में कई बीमारियों का कारण बनता है। बीमारियों से बचाव हाथ धोने की उचित आदतों के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंड वाशिंग डे के रूप में मनाया जाता है। मौके पर मंगलवार को को जिले के विभिन्न चिकित्सका संस्थानों में हाथों की साफ-सफाई पर केंद्रित विशेष तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।

**सुमन-के विधि से करें हाथों की सफाई :** हाथों की सफाई के विशेष तकनीक सुमन के बारे में जानकारी देते हुए डीपीएम स्वास्थ्य रेहान अशरफ ने बताया कि सुमन-के विधि से 40 से 60 सेकेंड तक हाथों को अच्छे तरीके से साफ कना होता है। इसमें एस यानि सीधा, यू यानि उल्टा, एम यानि मुठ्ठी, ए यानि अंगूठा, एन यानि नाखून व के हाथ के कलाई की सफाई को दर्शाता है। इस विधि में सबसे पहले कलाई, फिर हाथ की उलटी तरफ, फिर मुठ्ठी, उसके बाद अंगूठा, फिर नाखून और अंत में फिर कलाई को साफ करना होता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में हाथों की सफाई पर आधारित विशेष सत्र के दौरान स्थानीय लोगों को इससे जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें घरों के आसपास को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने के लिये प्रेरित किया गया।

**● सही तरीके से हाथ धोने की आदत से दूर रहेगी कई बीमारियां**

## संक्षिप्त खबरें ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में विवेक तिवारी ने बाँधा समा, दर्शक जम कर झूमे



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

हंटरगंज(झारखंड)। प्रखंड क्षेत्र के पाण्डेयपुरा पंचायत के करानी गांव मे आदर्श युवा क्लब माँ काली पूजा समिति के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय भोजपुरी और मगही गायक विवेक तिवारी ने अपने मधुर स्वर से धूम मचा दी।बताते चले की विवेक तिवारी ने अपनी गायकी की शुरुआत साल 2010 मे भोजपुरी एल्बम मारी माचिस के तीलिया से की थी। उन्होंने आइहे दियवा बारे,मारब बेलनवा से,मड़वा मे छत्तीश गोली,चुलबुलिया जैसे एक से बढ़कर एक भोजपुरी एवं मगही एल्बम मे गाया है कुछ गानो मे शिल्पी राज़ जैसी पॉपुलर गायिका के साथ एल्बम मे स्वर दिया है।उनके गानो मे महिमा सिंह,भावना सिंह,चांदनी सिंह,कोमल दुबे जैसी प्रसिद्ध एक्ट्रेसो ने काम किया है।उनसे बात चीत करने पर उन्होंने बताया की हमारे प्रशंसक ही हमारी ताकत है और उनके द्वारा दिये गये प्रेम का परिणाम है की आने वाले समय मे उनके काफी गाने आने वाले है जिस पर काम जोड़ शोर से चल रहा है और बहुत जल्द ये सभी गाने हमारे प्रशंसको के बींच प्रस्तुत किये जाएंगे।

### नये बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने कुन्दा प्रखण्ड कार्यलय में दिया योगदान,संभाला कार्यभार



लोकतंत्र की आवाज
अजित यादव संवाददाता कुन्दा

कुन्दा(चतरा)। सोमवार को कुंदा प्रखंड कार्यालय में 14वे बीडियो के रूप में साकेत कुमार सिन्हा ने पदभार लिया। सर्वप्रथम बीडियो ने कार्यालय में उपस्थित कर्मियों से मिलकर उनका परिचय प्राप्त किया।वही योगदान देने के उपरांत उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यों का ससमय निष्पादन करना,जन समस्याओं का शीघ्र समाधान करना एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जरूरतमंद आम लोगों तक पहुँचाना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।वही आगे उन्होंने कहा कि प्रखंड में सभी विकासीय कार्यों को गति दी जायेगी।ताकी प्रखंड में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रो तक आम लोगो को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

### पंडवा में राशन गमन के उच्च स्तरीय जाँच हो : पवन विश्वकर्मा



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

पंडवा(पलामू)। पंडवा प्रखंड अंतर्गत भाकपा माले पलामू जिला कमिटी मेंबर पवन विश्वकर्मा ने कहा की बीते दिन राशन से सम्बंधित कई समस्या सुनने को मिलते रहे है।पेपर व अन्य श्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पंडवा प्रखंड अंतर्गत लगभग 15 हाजार क्विंटल गमन का मामला कुछ दिन पूर्व प्रकाश में आया है। उन्होंने ने इस मामला को उजागर करते हुए कहा की कार्डधारियों का जो आरोप है बिल्कुल सत्य है क्योंकि लाभुक के बिच बिगत तीन चार महीनों से राशन की उचित मात्रा नहीं पहुंच पा रही है। साथ ही साथ उन्होंने ने कहा की पुरे सिस्टम की घोर लापरवाही की वजह से यह दिन देखना पड़ रहा है,इसकी उच्च स्तरीय जाँच होनी चाहिए।तथा लोगों से उन्होंने ने आग्रह करते हुए कहा की राशन से सम्बंधित किसी प्रकार के कोई भी समस्या हो उसके बिरुद्ध आवाज उठाये।

# बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रांतीय गणित विज्ञान मेला का उद्घाटन






लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह झारखंड।** भारतीय संस्कृति सभ्यता का मंत्र ज्योतिष के जोड़ घटाव ग्रह की चाल कैसे और किस प्रकार आप निकल पाएंगे यदि गणित और विज्ञान का साथ ना हो तो! इसी क्रम में विद्यालय के भैया बहनों के बुद्धि को और भी प्रगाढ़ एवं विकसित करने हेतु प्रांतीय गणित विज्ञान मेला का आयोजन विद्या मंदिर द्वारा किया गया।

बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को प्रांतीय गणित-विज्ञान मेला का उद्घाटन हुआ।मुख्य अतिथि डॉ अनुज कुमार,प्राचार्य गिरिडीह महाविद्यालय,विशिष्ट अतिथि श्रीकांत यशवंत विस्पुते सदर एसडीएम,अजय कुमार तिवारी प्रदेश सचिव,विद्या विकास समिति झारखंड,समिति सचिव डॉ पवन मिश्रा,उपाध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिन्हा एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।कार्यक्रम का संचालन ब्रेन कुमार टुडू एवं धन्यवाद ज्ञापन उमेश कुमार सिन्हा ने किया।मौके पर अतिथियों को शाल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इस विज्ञान मेले में झारखंड प्रांत के आठ विभाग से कुल 807 भैया- बहन एवं संरक्षक आचार्य-दीदी उपस्थित हुए।

मौके पर प्रदेश सचिव ने कहा कि प्राचीन एवं अर्वाचीन ज्ञान से हमें बच्चों को परिचित कराना है।कदम-कदम पर विज्ञान है।उंच्ची डिग्री प्राप्त करने के बाद भी हमें अपने संस्कारों को नहीं छोड़ना चाहिए।अध्ययन के साथ-साथ नवाचार अपने आप में विकसित हो ऐसा हमें बनना है। पंचकोश के विकास से ही भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास होगा।बचपन से ही कर्तव्य बोध होना चाहिए।स्वयं नेतृत्वकर्त्ता बनकर राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों का संपूर्ण विकास होता है। विज्ञान के साथ कला की भी आवश्यकता होती है।कला ही विज्ञान से परे नहीं है।विज्ञान प्रश्न पूछने के लिए आपको मजबूर करता है।बाहर की दुनिया के बारे में जब तक आप नहीं सोचेंगे,कुछ भी अच्छे नहीं कर सकते।ज्ञान,विज्ञान और गणित मानव के विकास में सहायक होते हैं।मैं यहां क्यों हूं? इसका प्रमाण क्या है? क्योंकि मैं यहां सोच सकता हूं और कुछ कर सकता हूं।

डॉ अनुज कुमार ने कहा कि विज्ञान की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है।तलीन्नता, तजुर्बा,त्याग, तपस्या और जज्बा का हमारे जीवन में महती आवश्यकता है। अच्छाइयों को आत्मसात करें और जीवन में सदैव आगे बढ़ने का प्रयास करे।विज्ञान मेला चुनौतियों का हल ढूंढने की प्रवृत्ति को विकसित करने का एक माध्यम है।प्रदर्श के जरिए बच्चे अपनी वैज्ञानिक सोच और प्रतिभा का परिचय देते हैं। कार्यक्रम में पूर्णकालिक ओमप्रकाश सिन्हा, अखिलेश कुमार, नीरज लाल, तुलसी प्रसाद ठाकुर, ब्रजेश कुमार सिंह, रमेश कुमार,संजीव कुमार,शर्मेंद्र साहू,राजीव रंजन, रामजी प्रसाद,मनोज छापरिया,प्रभात सेठी आदि उपस्थित थे।

# किसान दिवस का आयोजन




लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** जिला कृषि पदाधिकारी - सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, साहेबगंज प्रमोद एक्का की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर महिला किसान दिवस का आयोजन आत्मा सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य भूमिका में डा० माया कुमारी, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, साहेबगंज के द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर होने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरेति किया।

जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि अभियंता, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ के द्वारा विभाग में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया क साथ ही मीना जोसेफ किस्कू, प्रगतिशील मशरूम उत्पादक महिला किसान के द्वारा उपस्थित महिलाओं को मशरूम उत्पादन के बारे में जानकारी दी गयी।

सुश्री शिवांगी मिश्रा, बिरसा कृषक पाठशाला, राजमहल के द्वारा महिला किसानों को राजकुमारी देवी, मुजफ्फरपुर की महिला किसान जिसको ₹चाची किसान₹ के नाम से बिहार में प्रचलित है उसकी कहानी महिलाओं के बीच साझा की, ताकि महिलाएं प्रेरित हो सके एवं खेती किसानी में आत्मनिर्भर बन सकें कमहिला किसान दिवस के अवसर पर अन्य महिलाओं ने अपनी बातें साझा की कइस अवसर पर महिला कृषको के बीच नेपसेक स्प्रेयर (05), सरसों बीज (05 पैकेट) एवं मदीना आजीविका सखी मंडल, बोरियो को आत्मा योजना अंतर्गत सीड मनी के रूप में 10,000/- रू० का चेक प्रदान किया गया।

इस मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी श्री अमितेश रंजन, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री महादेव मुर्मू, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी श्री अरुण कुमार भोगता, जिला कृषि अभियंता श्री राम प्रकाश कुमार, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ श्री अभिजित शर्मा, उप परियोजना निदेशक श्री मन्टू कुमार, एवं सभी आत्मा कर्मी के साथ साथ सैकड़ों महिला कृषक उपस्थित हुई ।

# हम सबों के प्रेरणास्त्रोत हैं डॉ. कलाम: शफीक

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**मेदिनीनगर(पलामू)।** पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गयी। इस मौके पर बच्चों ने 'हमें न हिंदू न मुसलमान चाहिए, इस देश को डॉ. कलाम जैसा इंसान चाहिए' गाना प्रस्तुत किया।

- पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी

कार्यक्रम में बच्चों को डॉ. कलाम के जीवन से जुड़ी जानकारियां देकर उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल के संस्थापक सह अध्यक्ष मो शफीक अंसारी ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन मातृभूमि के लिए समर्पित था। वे अपने जीवन में विद्यार्थियों और शिक्षा को महत्व देते थे। डॉ. कलाम हम सबों के प्रेरणास्त्रोत है। स्कूल के डायरेक्टर अफज़ल शफीक ने कहा कि बेहद गरीब होने के बावजूद अपनी लगन और मेहनत की बदौलत उन्होंने वो मुकाम हासिल किया, जहां तक जाने के लिए लोग सपने भी नहीं देख पाते हैं। डॉ. कलाम के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विज्ञान के क्षेत्र में इनकी काबिलियत को पूरी दुनिया जानती है। प्राचार्य निरंजन शुक्ला, सुनीता प्रसाद व नवल किशोर सिंह ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।

# गिरिडीह जिला अंतर्गत 06 विधानसभा क्षेत्र में कुल 2054303 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह झारखंड।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार के द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिनांक 15 अक्टूबर को निर्वाचन की घोषणा के उपरांत पूरे जिले में आचार संहिता लागू कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि पूरे गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत दिनांक 20.11.24 को मतदान किया जाना है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि दिनांक- 22.10.2024 को गैजेटी नोटिफिकेशन की तारीख तय की गयी, नामांकण की अंतिम तिथि है, दिनांक- 29.10.2024 निर्धारित की गयी है, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 30.10.2024, नाम वापसी की अंतिम तिथि 01.11.2024 तय की गयी है, मतदान की तिथि- 20.11.2024 निर्धारित की गयी है। इसके अलावा मतगणना की तिथि 23.11.2024 निर्धारित की गयी है एवं चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि 25.11.2024 निर्धारित की गयी है। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि गिरिडीह जिला अन्तर्गत 06 विधान सभा क्षेत्र में कुल 20,54,303 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 28 धनवार के 3,70,226 मतदाता, 29 बगोदर के 3,86,603 मतदाता, 30 जमुआ के 3,58,488 मतदाता, 31 गांडेय के 3,19,358 मतदाता, 32 गिरिडीह के 3,04,170 मतदाता तथा 33 डुमरी के 3,15,458 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरुष मतदाता 10,52,340 एवं महिला वोटरों की संख्यो 10,01,953 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 10 तथा सर्विस वोटर की संख्या 1845 है। जिले में कुल 2393 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।




साथ हीं दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के पश्चात् आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। आचार संहिता का उलंघन करनेवालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई होगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि अगले 24 घंटे में सरकारी और 48 घंटे में सार्वजनिक प्रकार बैनर/पोस्टर और होर्डिंग को हटा दिए जाए।

# पोटका प्रखंड कार्यालय पर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का धरना-प्रदर्शन स्थगित

लोकतंत्र की आवाज

**रंजीत राणा ब्यूरो चीफ पूर्वी सिंहभूम झारखंड**

**जादूगोड़ा।** झारखंड में चुनाव आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर पोटका की आगनवाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने पोटका प्रखंड कार्यालय में बुधवार से प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम स्थगित करने की घोषणा की है. हालांकि सेविका-सहायिकाओं ने अपनी हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है. पोटका प्रखंड आंगनबाड़ी कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष सीमा बनर्जी ने इस संबंध में कहा कि उनकी मांगें अभी पूरी नहीं हुई है.

ऐसे में विधानसभा चुनाव को लेकर लगनेवाली आचार संहिता को लेकर घर पर ही बैठ कर हड़ताल का समर्थन करेंगी, चुनाव में किसी तरह की भागीदारी नहीं निभाएंगी. उनकी मांग है कि सरकार उन्हें मानदेय बढ़ाने के बदले उन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित करे. यहां बताते चलें कि क्षेत्र की आगनवाड़ी सेविका-सहायिकाएं बीते 5 अक्टूबर से पोटका प्रखंड कार्यालय में अपनी मांगों के समर्थन में विरोध ने धरना-प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर कल बुधवार से विराम लग जाएगा.



# सरिया के नए बीडीओ ने पदभार ग्रहण किया




लोकतंत्र की आवाज

**अनिल कुमार( संवाददाता )**

**प्रखंड- बिरनी।** बगोदर विधानसभा बिरनी प्रखंड के पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि नारायण पांडे जी ने सरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी जी को गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं प्रकट की। इस मौके पर प्रखंडकर्मी भी मौजूद थे।

# पिस्टल के साथ दो गिरफ्तार चोरी की बाइक जप्त, भेजा गया जेल

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**चतरा(झारखंड)।** टंडवा पुलिस पिस्टर के साथ गिरफ्तार युवक से कई राज उगलवाया है। दो दिनों पूर्व हुई लूट कांड का भी उद्भेदन कर दिया है। घटना में शामिल दो आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है।

गिरफ्तार अभियुक्त कामता गांव निवासी पंकज दास व अरबिंद कुमार का नाम शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरे की निशानी पर लूटे गए एक मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल फोन सहित एक पिस्टल एवं दो गोली को बरामद किया है। गिरफ्तार पंकज ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बीते शनिवार को थाना क्षेत्र के प्रदाहि जंगल के समीप से अर्जुन गंझू नामक व्यक्ति से हथियार के बल पर मोटरसाईकिल की लुट की थी। इस दौरान पुलिस ने लुट से जुड़े एक अन्य मामले का भी उद्वेदन किया है। जिसमें भी अरविंद प्रजापति नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल अरविंद शहीद चौक में मोबाईल दुकान का संचालन करता है। जहां से लुट और चोरी के मोबाइल का लॉक तोड़कर एवं अन्य जरूरी साक्ष्यो को मिटाकर लोगों के बीच बेचने का काम करता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद चतरा जेल भेज दिया है। मौके पर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार इंस्पेक्टर अनिल उरांव सहित अन्य पुलिस शामिल थे।



# आदर्श आचार संहिता लागू, लोहरदगा में 13 नवंबर को मतदान : उपायुक्त

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**लोहरदगा(झारखण्ड)।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने निर्वाचन संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत प्रथम चरण के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए 18 अक्टूबर 2024 को नोटिफिकेशन जारी होगा जिसके बाद नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगी।

नामांकन की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर 2024 को होगी। नामांकन वापस लेने के लिए अभ्यर्थी के पास 30 अक्टूबर 2024 तक का समय रहेगा। मतदान 13 नवंबर 2024 होंगे। मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगा। आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पूरी तैयारी की गई है। जगह-जगह चेकपोस्ट पर एसएसटी की टीम मौजूद रहेगी और एफएसटी टीम द्वारा मामला संज्ञान में आने पर कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित रिपोर्टिंग भी की जा सकेगी। मतदाता सुविधा के लिए कई मोबाईल एप की सुविधा दी जाएगी।



**कुल 3 लाख 74 हजार 241 मतदाता :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं जिनमें 72-लोहरदगा क्षेत्र में 324 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 3 लाख 74 हजार 241 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 89 हजार 774 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 467 है। साथ ही 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 87 हजार 145 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 45 हजार 848 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 41 हजार 297 है।

- मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्र तक आएं, सुरक्षा पूरी : एसपी

69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 96 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 43 हजार 926 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 170 है। इस बीच मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बुजुर्ग मतदाता जो इच्छुक होंगे उन्हें घर से ही मतदान करने के लिए जिला प्रशासन सुविधा देगी। मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए पदाधिकारियों को आवश्क निर्देश दिये गये हैं।

**सुरक्षा के पूरे इंतजाम-एसपी:** प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षा के पूरे इंतजाम मतदाताओं के लिए रहेंगे।आवश्यकतानुसार फोर्स की तैनाती रहेगी। आवश्यकतानुसार बूथ की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिये जायेंगे। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण रहा था। इस बार भी जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जिला प्रशासन की अपील है कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्रों तक आएं और मतदान करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुखिया ने जीविका भवन का किया उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र( मगध ब्यूरो)
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज प्रखंड के चरकावां पंचायत के बदोपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत 1495700 रु की लागत से जीविका भवन का मुखिया मो सेराज अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर एवं शिला पट्ट से पर्दा हटाकर उद्घाटन किया। मुखिया ने कहा कि इस जीविका भवन के निर्माण हो जाने से जीविका कर्मियों को कार्य करने में काफी आसानी होगी और अब रफीगंज नही जाना पड़ेगा। जल जीवन हरियाली के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी मिलन, जीविका बीपीएम ,जेई सुरेश महतो, पीटीए हैदर अली, गौतम कुमार, पीआरएस राजकुमार चौधरी, बीएफटी जितेंद्र कुमार, कुणाल कुमार,उप मुखिया रमेश यादव एवं जीविका कर्मी मौजूद थे।

### बिजनौर मासूम बच्चे का अपहरण करने वाला युवक गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट आसमीन सलमानी
मंडावर एक मासूम बच्चे का अपरहण करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका उचित धाराओं में चालान कर दिया है ब्रहम सिंह पुत्र दिलेराम गांव खानपुर माधो उर्फ तिमारपुर निवासी ने मंडावर थाने में तहरीर दी की शनिवार की रात 9—00 बजे बोलेरो से अपने चार साल के बेटे गरबी के साथ चंदक में रविंद्र के ढाबे से खाना लेने आए थे। बेटे को बोलेरो में बैठकर ब्रहम सिंह खाना पैक कराने लगे इसी बीच एक युवक बेटे को बोलेरो से उठाकर जंगल की ओर भागने लगा। यह देखकर ढाबा मालिक ने शोर मचाया ब्रहम सिंह ने भी शोर मचाते हुए आरोपी का पीछा किया तो युवक बच्चे को छोड़कर भाग गया। इस दौरान कुछ युवकों ने बताया कि आरोपी युवक गांव दौलतपुर का रहने वाला भोलू है। ब्रहम सिंह ने मंडावर थाने में आरोपी भोलू पुत्र चंद्रपाल गांव दौलतपुर निवासी के खिलाफ अपहरण के प्रयास की तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भोलू को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस ने आरोपी का उचित धाराओं में चालान कर दिया।

### सिंहवाड़ा की युवक का कलिगांव में डेड बाडी बरामद, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताई




लोकतंत्रकी आवाज
दीपक कुमार
मुजफ्फरपुर । सिंहवाड़ा नगर पंचायत के एक युवक सिंहवाड़ा निवासी दुर्गा कपरिया के पुत्र मनीष कुमार ( 25 )वर्षीय का डेड बाडी कलिगांव के चमनपुर से गड्ढे में बरामद की गई ।डेड बॉडी कक सूचना मिलने पर आसपास के सभी इलाकों में हड़कंप मच गया। सिंहवाड़ा से दर्जनो लोग घटनास्थल पर पहुंच मृतक की पहचान की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह एक दिनो से लापता था ।रात करीब एक बजे घर से निकला है। बताया जाता है कि किसी का फोन आने के बाद वह घर से बाईक लेकर मनीष कुमार निकला। अहले शुबह डेड बाडी मिला है ।मृतक का बाज़ार में ही दुकान है जो चलाता था। घटना के बाद मृतक के परिजनों को जानकारी दे दी गई है ।रो रो परिजनों का हाल बुरा बना हुआ है ।वहीं घटनास्थल से 100 मीटर पर मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है। थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। डेड बाडी को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया हैं।

### बांस काटने को लेकर हुई मारपीट ,दो गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र ( मगध ब्यूरो)
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज के सिहुली खैरा गांव में बांस काटने को लेकर मारपीट की घटना हुई। जिसमें रामफल यादव ,रामनाथ विश्वकर्मा, अनिरुद्ध विश्वकर्मा घायल हो गये। इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे किया गया। इस मामले में दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज हुयी। रामफल यादव द्वारा दर्ज प्राथमिकी में इसी गांव के रामनाथ विश्वकर्मा, अनिरुद्ध कुमार, कुंदन कुमार, गुंजन कुमार एवं रामनाथ मिस्त्री द्वारा दर्ज प्राथमिकी में रामफल यादव, सुनैना देवी को आरोपी बनाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें रामनाथ विश्वकर्मा एवं अनिरुद्ध कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### औरंगाबादः नशे बेटा ने पिता के साथ किया मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र ( मगध ब्यूरो)
औरंगाबाद। नशे की हालत में बेटा एवं भतीजा द्वारा मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। रफीगंज शहर के अब्दुलपुर माहवीरगंज वार्ड नं 4 की है। मारपीट की घटना में नशेड़ी की बहन पूजा कुमारी गंभीर रूप से घायल है। इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया है। इस मामले में पिता सत्येंद्र साव ने बेटा रूपेश साव, भतीजा राजकुमार साव,एवं पुतोह ,रूपेश साव की पत्नी को नामजद आरोपी बनाया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# राजस्व संग्रहण हेतु सभी अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें : आयुक्त



● अधिकृत सेकंड हैंड कार विक्रेताओं के द्वारा वाहनों के निबंधन में पहुंचाई जा रही राजस्व क्षति आदि जैसे सघन मामलो पर जांच कर कार्रवाई करने के दिए सख्त आदेश

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)** । वित्तीय वर्ष 2024–25 के राजस्व संग्रहण हेतु प्रमंडलीय आयुक्त कक्ष में प्रमंडलस्तरीय समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार के द्वारा की गई। बैठक में आयुक्त श्री कुमार ने राज्य सरकार के द्वारा जिलावार निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अध्ययन राजस्व वसूली की जिलावार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले किसी भी जिला परिवहन कार्यालय की राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाई गई। जिसके अनुरूप आयुक्त ने निर्धारित राजस्व की प्राप्ति के लिए अतिरिक्त कार्य योजना बनाई जाने की आवश्यकता महसूस करते हुए सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने का निदेश दिया।

बैठक के दौरान आयुक्त ने विशेषकर खनन क्षेत्र में नागालैंड के निबंधित वाहनों का प्रयोग, निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग, स्कूल में प्रयुक्त किये जा रहे वाहनों का परमिट प्राप्त नहीं किया जाना, अधिकृत सेकंड हैंड कार विक्रेताओं के द्वारा वाहनों के निबंधन में पहुंचाई जा रही राजस्व क्षति आदि जैसे अन्य संबंधित मामलों एवं बिंदुओं पर सघन जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया।

बैठक में विजय कुमार, उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग, बैधनाथ कामती, जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग, शैलेश प्रियदर्शी, जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह, मनीषा वत्स, जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़, इंद्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, चतरा, बीजय कुमार सोनी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कोडरमा, एवं वंदना सेजवलकर, जिला परिवहन पदाधिकारी, बोकारो आदि उपस्थित रहें।

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विज्ञान व जीवन प्रबंधन के आदर्श प्रतीकः रंजीत यादव




● भाजपा नेता रंजीत यादव ने दी डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज

**अररिया** । भाजपा नेता रंजीत यादव ने पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम केवल एक महान वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि लाइफ मैनेजमेंट के गुरु भी थे।

रंजीत यादव ने डॉ. कलाम के विचारों को साझा करते हुए कहा, ₹उन्होंने हमेशा कहा कि सपने पूरे करने के लिए पहले सपने देखना जरूरी है।₹ उनके अनमोल विचारों में साधारण से असाधारण बनने की प्रेरणा छिपी हुई है, जो हमें यह सिखाती है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें और विपरीत परिस्थितियों में भी अवसर खोजें। भाजपा नेता रंजीत यादव ने पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम केवल एक महान वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि लाइफ मैनेजमेंट के गुरु भी थे। रंजीत यादव ने डॉ. कलाम के विचारों को साझा करते हुए कहा, ₹उन्होंने हमेशा कहा कि सपने पूरे करने के लिए पहले सपने देखना जरूरी है।₹ उनके अनमोल विचारों में साधारण से असाधारण बनने की प्रेरणा छिपी हुई है । युवाओं को प्रेरित करते हुए रंजीत यादव ने कहा कि डॉ. कलाम के विचारों को आत्मसात करके हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

## बिजनौर घूमने निकले बुजुर्ग पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
**बिजनौर**। शाम को घूमने निकले बुजर्ग पर धारदार हथियारों से लैस बदमाशों ने किया जानलेवा हमला.. इस घातक हमलें में फटा जगराम सिंह भूईयार का सर, बाईक सवार बदमाशों द्वारा किए गए इस हमले से घायल बुजुर्ग जगराम सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है। गंभीर हालत में शहर के निजी चिकित्सालय में आईसीयू में शिफ्ट। नजीबाबाद बाईपास के पास बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम। पुलिस मौके पर कर रही है घटना की छानबीन। घायल जगराम सिंह भुइयार सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता रीता भूईयार के पिता हैं।

## बिजनौर थाना हीमपुर दीपा पुलिस ने मारपीट व पुलिस पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**हीमपुर व अपद—बिजनोर**। दिनांक 14/15.10.2024 की रात्रि में समय करीब 00.30 बजे थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम चौकपुरी में दो पक्षो के मध्य झगडे की सूचना पर पीआरवी 2405 मौके पर पहुंची थी तो ग्राम चौकपुरी निवासी तरूण पुत्र जोगेन्द्र सिंह जिसने घटना की सूचना भी दी थी व थाने का दुराचारी है द्वारा पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा पीआरवी वाहन का एक शीशा तोड दिया।



स्थानीय पुलिस के मौके पर पहुंचने पर पुलिस पर भी पत्थर फेंके जिससे उ0नि0 कुलवीर सिंह व उ०नि० जगत सिंह चोटिल हो गये। उक्त सम्बन्ध मे थाना हीमपुर दीपा पर मु0अ0सं0 157/2024 धारा 109/324(4)/351(3)/352 बीएनएस बनाम तरुण उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

इसके अतिरिक्त अभियुक्त तरुण कुमार उपरोक्त द्वारा ग्राम चौकपुरी मे श्रीमदभागवत कथा करने आयी महिला कथावाचकों के साथ शराब के नशे में गाली—गलौच की गयी तथा उनके ऊपर भी पत्थर फेंके गये तथा जान से मारने की धमकी दी एवं उनकी इको गाडी का आगे का शीशा व पीछे का बम्पर तोड दिया। इस सम्बंध में वादिनी श्रीमति दीपिका शर्मा पत्नी प्रशान्त दत्त शर्मा निवासी ग्राम सैन्दवार थाना चाँदपुर जनपद बिजनौर की तहरीर के आधार पर थाना हीमपुर दीपा पर मु0अ0सं0 158/24 धारा 125/131/352/324(4)/351 (3) बीएनएस बनाम तरुण उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही :** थाना हीमपुर दीपा पुलिस द्वारा आरोपी अभियुक्त तरुण कुमार पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम चौकपुरी थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त तरुण उपरोक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध जनपद बिजनौर के विभिन्न थानों पर गंभीर धाराओं में एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त तरुण थाना हीमपुर दीपा का दुराचारी अभियुक्त है।

## बीवी की अश्लील वीडियो को वायरल करने की दी धमकी, फोन पर तीन तलाक दिया

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**मुरादाबाद** । दहेज की मांग पूरी न होने पर, विवाहिता को फोन पर तीन तलाक दिए जाने की शिकायत वरिष्ठ अधिकारी तक पहुंची। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम पानुवाला निवासी युवती की शादी यासीन पुत्र पीरू शाह निवासी ठाकुरद्वारा के साथ अगस्त 20 में हुई थी। विवाहिता का कहना है कि उसके मायके वालों ने बाइक सहित सभी दहेज दिया था लेकिन उसका पति व अन्य ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे।



आरोप है कि उक्त लोगो ने 3 फरवरी 2022 को उसे घर से निकाल दिया था जिसकी तहरीर उसने कोतवाली पुलिस को दी थी। जिस पर 7 मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया था। विवाहिता का आरोप है कि तभी से उसका पति यासीन उसे लगातार धमकियां दे रहा है कि अगर तूने मुकदमा वापस नहीं लिया तो मैंने तेरे साथ जो वीडियो बनाई थी उसे वायरल कर दूंगा। इसके बाद 3 अक्टूबर 2024 को फोन कर उसने फिर से मुकदमा वापस लेने की धमकी दी और उसके बाद उसने फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं कि गई। जिस पर पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया। तब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## आयकर विभाग में लक्ष्य प्राप्ति को लेकर दूसरे स्थान पर आया मुरादाबाद बढ़ा वसूली प्रतिशत

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**मुरादाबाद**। राज्यकर विभाग के कमिश्नर ग्रेड वन आर एस द्विवेदी ने बताया कि उनके राज्यकर विभाग की सभी टीमों द्वारा मंडल में बेहतर कार्य किया जा रहा है। जिसका परिणाम यह है कि उनका राज्यकर विभाग प्रदेशभर में गत वर्ष अगस्त माह में जो संग्रह लक्ष्य प्राप्त किया गया था उससे लक्ष्य से 22 प्रतिशत अधिक वसूल किया गया है। राज्यकर विभाग के कमिश्नर ग्रेड वन ने बताया कि इसके अलावा गत वर्ष अलग अलग माह में जो कर प्राप्त किया गया है।



इस वर्ष दोनो माह में उनके विभाग द्वारा अधिक वसूलीयाबी छोटे बड़े सभी करदाताओं से की जा चुकी हैं। कमिश्नर ग्रेड वन आर एस द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन द्वारा जो कर वसूलीयाबी का लक्ष्य उन्हें दिया गया है, उसे समय रहते पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा यह हमारे विभाग के साथ सभी अधिकारियों व मुरादाबाद के व्यापारी भाइयों के लिए अच्छी बात है। मुरादाबाद में गत वर्ष की भांति इस बर्ष माह में उनका प्रतिशत बढ़ा है और मुरादाबाद को प्रदेशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई भी दी है। साथ ही उन व्यापारियों से अपील करते हुए कहा है की सभी व्यापारी अपना पंजियन जल्द से जल्द करा लें ताकि मुख्यमंत्री की ओर से शासन द्वारा व्यापारी भाइयों के लिए जो लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है, वह सभी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## बिजनौरः मानक से कम राशन देने के सम्बन्ध में भारतीय किसान यूनियन अंबावता के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**जनपद बिजनौर**। नजीबाबाद भारतीय किसान यूनियन अंबावता के जिला अध्यक्ष वसीम चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद की अनुपस्थिति में एक ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद देश दीपक सिंह को सौपा। जिसमें कहा गया कि तहसील क्षेत्र के ग्राम भनेड़ा में राशन डीलर की दो दुकाने हैं जो की राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक यूनिट पर चार किलो खाद्यान्न दे रहे हैं जो एक यूनिट पर एक किलो कम है।



राशन कार्ड धारक उक्त डीलरो से राशन कम के संबंध में कहते हैं तो वह गाली गलौज करते हैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं और कहते हैं कि् हमारा कोई भी राशन डीलर द्वारा यदि भविष्य में पूरा राशन प्रत्येक यूनिट पर नहीं दिया गया तो भारतीय किसान यूनियन अंबावता पूर्ति निरीक्षक कार्यालय नजीबाबाद पर अनिश्चितकाल धरना देंगी वहीं एन एच आई द्वारा रोड बना दी गई है। परंतु भनेड़ा लिंक मार्ग को रोड से नहीं जोड़ा गया जिससे समय–समय पर दुर्घटना होती रहती है तथा ग्राम मेमन सादात में कब्रिस्तान के पास पानी का नाला है जो पूरी तरह से बंद है जिसको खुलवाया जाना आवश्यक है तथा नाले के पास कुडिया पड़ी हुई है जिसको हटवाए जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष मुरसलीन अहमद ,गुल सनव्वर, इमरान, नदीम अहमद, इसरार अहमद, अकील अहमद, नदीम अहमद, मोहम्मद फैयाज, नवाब अहमद, अदनान राईन आदि मौजूद रहे।

## मंडल कारा लोहरदगा के बंदियों का किया गया स्वास्थ्य जांच

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**लोहरदगा(झारखंड)**। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के आदेशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के सहयोग से कारा मंडल लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कारा मंडल में बंद बंदियों का एचआईवी, टीबी, एसटीआई, सिफलिस और हेपेटाइटिस का जांच किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में सदर अस्पताल और एचएलएफपीपीटी रांची की टीम उपस्थित रही।




टीम में आईसीटीसी काउंसलर सदर अस्पताल अर्चना प्रसाद, प्रयोगशाला प्रावैधिक आईसीटीसी सदर अस्पताल मोहम्मद आबिद, रीना कुमारी, रीना कुमारी, एसटीएस जिला लक्ष्मा केंद्र लोहरदगा समीर टोप्पो, आरटीआई एसटीआई काउंसलर सदर अस्पताल बिंदेश्वर भगत, जेएसएम के पीएमटीआईएनजीओ अमृता कुमारी, एचएलएफपीपीटी रांची के प्रिजन कोऑर्डिनेटर नंदिनी सिंह, स्टेट मॉनिटरिंग एवुलेशन कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार, जेएसएम के एमएनईटीआईएनओ आकाश प्रजापति उपस्थित रहे। वहीं डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने बताया कि कारा मंडल में बंद बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर लगातार जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें जांच कर इलाज भी कराया जाता है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।